हरिभूमि
सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, सोमवार, 20 मई 2024

12 किसानों ने जाखल पुलिस थाने के बाहर दिया धरना

12 परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

खबर संक्षेप

सिरसा में योगी आदित्यनाथ की रैली की तैयारियां पूरी

सिरसा। सिरसा संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अशोक तंवर के समर्थन में 20 मई को कपास मंडी में रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे। इस रैली को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। भाजपा नेताओं ने रैली स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जांच लिया। भाजपा नेताओं ने दावा किया कि यह रैली ऐतिहासिक होगी।

दुकान के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

सिरसा। शहर के शिव चौक के समीप एक दुकान के बाहर से चोर एक मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में मीरपुर निवासी ओमप्रकाश ने बताया कि उसने बीती 18 मई की सुबह उसने शिव चौक के समीप बिजली की दुकान के बाहर मोटरसाइकिल खड़ी की थी और कुछ देर बाद देखा तो गायब मिली। उन्होंने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया।

दुकान से हजारों का सामान चोरी

सिरसा। शहर के दिल्ली पुलिया के समीप एक करियाने की दुकान के ताले तोड़कर चोर हजारों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में संतनगर निवासी मुकेश कुमार ने बताया कि वह दिल्ली पुलिया पर करियाने की दुकान करता है। उसने बताया कि बीती 17 मई की रात्रि को वह रोजाना की भांति दुकान बंद कर घर आ गया।

भारती निकेतन में बच्चों ने लिया जादू का आनंद

रतिया। भारती निकेतन कान्वेंट स्कूल के प्रांगण में जादूगर का आगमन हुआ। जादूगर ने विभिन्न प्रकार के ट्रिक दिखाकर बच्चों का अध्यापकों का मनोरंजन किया। विद्यालय के प्रबंधक बीएल बत्रा ने बताया कि जादू एक ऐसी कला है जो हाथों के माध्यम से कोई चीज गायब की जा सकती है। जादू कोई करिश्मा नहीं है। जादू अभ्यास के माध्यम से आसानी से सीखा जा सकता है। स्कूल के प्रिंसिपल सुनील कुमार ने बच्चों को बताया कि आज के युग में शिक्षा के विभिन्न माध्यम है।

सर्व समाज सभा की बैठक, मतदान की अपील

रतिया। सर्व समाज सभा रतिया की मासिक बैठक बाबा नामदेव जी धर्मशाला के आंगन में प्रधान रणजीत सिंह भानीखेडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में सभी नागरिकों से अपील की गई कि इस बार लोकसभा के चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले और अपना मतदान अवश्य करें व सभी को मतदान के लिए प्रेरित करें। सभा ने प्रशासन से अनुरोध किया कि मतदान के दिन वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों के लिए अलग से लाईनें लगवाई जाए और पीने के पानी की व्यवस्था की जाए।

हीट वेव का अलर्ट जारी, बिजली निगम ने अधिकारियों से तैयार रहने को कहा

5वें दिन भी प्रचंड गर्मी, अगले दो दिनों में पारा 47 को पार कर तोड़ेगा रिकार्ड

आपात स्थिति में आवश्यक सामान को रिजर्व रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

प्रदेश में इस बार मई के मध्य में ही इस कदर गर्मी पड़ रही है लगातार 5वें दिन तापमान रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया है। फतेहाबाद सहित 5 जिलों में मौसम विभाग ने हीट वेव का रेड अलर्ट जारी कर दिया है। गर्मी के कारण प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य से 4.5 अधिक पहुंच गया है।

आमतौर पर इन दिनों यहां का सामान्य 41 से 42 डिग्री के बीच होना चाहिए लेकिन इस समय यहां पारा 46 डिग्री के आसपास घूम रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि राजस्थान से आने वाली गर्म हवाओं ने हालात खराब किए हैं। संभावना है कि आज या कल से धूल भरी आंधी भी चल सकती है। 22 मई तक अभी कोई राहत भी नहीं मिलने वाली है। दरअसल पिछले कई दिनों से क्षेत्र में भीषण लू का प्रकोप जारी है। सुबह 9 बजे ही तापमान 42 को छूने लगता है। दोपहर 1 बजे के बाद यहां तापमान 46 डिग्री तक पहुंच जाता है। रात का न्यूनतन तापमान भी 26 डिग्री को क्रास कर चुका है। आमतौर पर ऐसी स्थिति नौतपा यानि 25 मई के बाद ही शुरू होती थी। 12 सालों में यह पहला मौका है जब 20 मई से पूर्व ही तापमान 47 डिग्री को छूने लग गया है। मौसम वैज्ञानिक तो यहां तक कह रहे हैं कि इससे पूर्व 32 साल पहले तापमान 47 डिग्री तक पहुंचा था। मौसम विभाग के हीट वेव के अलर्ट के बीच 25 मई से नौतपा शुरू हो रहा है। इन 9 दिनों में सूबे में भीषण गर्मी पड़ेगी। हिंदू पंचांग के अनुसार, हर साल ज्येष्ठ माह में 9 दिन ऐसे होते हैं, जब सूर्यदेव प्रचंड गर्मी बरसाते हैं। इस 9 दिन की अवधि को ही नौतपा कहा जाता है। नौतपा 25 मई को सुबह 03.16 बजे लगेगा, जब सूर्यदेव रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करेंगे। रोहिणी नक्षत्र में सूर्यदेव 08 जून, दोपहर 01.16 तक रहने वाले हैं। इसके बाद सूर्यदेव मृगशिरा नक्षत्र में प्रवेश कर जाएंगे।

फतेहाबाद। गर्मी से अपने बच्चे को बचाती मां व गर्मी से बचने के लिए कपड़े से मुंह ढककर जाती युवती। फोटो :हरिभूमि

मौसम में बड़े बदलाव की संभावना

मौसम विभाग के अनुसार पंजाब, हरियाणा और चण्डीगढ़ में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। दक्षिणी और पश्चिमी हरियाणा के कुछ हिस्सों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री सेल्सियस तक बना रहेगा। उत्तरी क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस रहेगा। अगले दो दिनों में मौसम में कोई बड़ा बदलाव आने की संभावना नहीं है जबकि उसके अगले तीन दिनों में तापमान में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होगी। 23 तक हरियाणा में गर्म हवाएं चलने की संभावना है जिस कारण यहां का तापमान 47 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। इतनी भीषण गर्मी को देखते हुए फतेहाबाद दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता संदीप मेहता ने सभी अधिकारियों को अलर्ट मोड पर रहने के आदेश दिए है। संदीप मेहता ने कहा कि निगम में पर्याप्त कर्मचारी है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक सामान रिजर्व रखा गया है।

हत्या के मामले में जमानत पर आया आरोपी अवैध पिस्तौल सहित पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर हत्या के मामले में जमानत पर आए हुए एक व्यक्ति को अवैध पिस्तौल के साथ रानियां थाना के गांव केहरवाला क्षेत्र से काबू कर लिया। पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजेंद्र उर्फ राजू पुत्र महेंद्र सिंह निवासी नीमला जिला सिरसा के रूम में हुई है। उन्होंने बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल की पुलिस टीम सब इंस्पेक्टर अजय कुमार के नेतृत्व में गश्त के दौरान रानियां थाना के गांव केहरवाला क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक व्यक्ति सामने पुलिस पार्टी को देखकर मौके से खिसकने का प्रयास करने लगा। शक के आधार पर पुलिस पार्टी ने जब उक्त व्यक्ति को काबू कर नियमानुसार उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल बरामद हुआ। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि काबू किया गया राजेंद्र उर्फ राजू अपराधी किस्म का है और फिलहाल हत्या के एक मामले में 20 साल की सजा काट रहा था और 8 वर्ष की सजा काटने के बाद जमानत पर आया हुआ था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि काबू किए गए राजेंद्र का आपराधिक रिकार्ड खंगाला जा रहा है, उन्होंने बताया कि पकड़े गए व्यक्ति राजेंद्र उर्फ राजू को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा और रिमांड के दौरान अवैध असहला के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जानकारी हासिल कर उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

किसानों ने किया अवंतिका तंवर का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जिला के गांव भंगू में पचार करने पहुंची भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर की धर्मपत्नी अवंतिका तंवर द्वारा किसानों के सवालों का जवाब न देने पर हरियाणा किसान मंच के बैनर तले किसानों ने काले झंडे दिखाकर उनका विरोध किया। हरियाणा किसान मंच के प्रदेशाध्यक्ष बाबा गुरदीप सिंह झीड़ी ने कहा कि किसान संगठनों की ओर से निर्णय लिया गया है कि भाजपा की ओर से कोई भी प्रत्याशी यदि वोट मांगने के लिए आता है तो उनसे किसानों पर किए गए अत्याचारों व देश के हालात को लेकर सवाल जरूर करें। अगर प्रत्याशी व समर्थक सवालों का जवाब नहीं देते हैं तो काले झंडे दिखाकर विरोध जताएं। निर्णय के अनुसार ही गांव भंगू में भाजपा प्रत्याशी डॉ. अशोक तंवर की धर्मपत्नी अवंतिका तंवर का कार्यक्रम था जिसमें काफी संख्या में किसान वहां पहुंच गए। इस पर वे कार्यक्रम बीच में ही छोड़कर चली गई। इस पर किसानों ने विरोधस्वरूप उन्हें काले झंडे दिखाए। बाबा गुरदीप सिंह ने कहा कि किसानों का विरोध जारी रहेगा। उन्होंने आमजन से भी भाजपा को किसी भी सूरत में वोट न देने की अपील की। काले झंडे दिखाने वालों में जसवीर सिंह साहू, कुलदीप सिंह भंगू, परगट सिंह भंगू, सुखजिंदर सिंह भंगू, बंसीलाल, बलजिंद्र सिंह भंगू, नवदीप सिंह भंगू, गुरचरण सिंह भंगू, तरसेम सिंह भंगू, गुरलाल सिंह भंगू, गुरमीत सिंह भंगू, जगजीत सिंह सहित अन्य किसान मौजूद थे।

भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां किसी राजनीतिक दल को नहीं देगा समर्थन

- कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के तौर पर जोगिंदर सिंह उग्राहां व हरियाणा राज्य प्रधान कंवरजीत सिंह चीका विशेष तौर पर पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

लोकसभा चुनावों को लेकर भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां की जिला स्तरीय कन्वेंशन रविवार को सती माई जाखन दादी मंदिर में हुई। कन्वेंशन में मुख्य वक्ता के तौर पर जोगिंदर सिंह उग्राहां व हरियाणा राज्य प्रधान कंवरजीत सिंह चीका विशेष तौर पर पहुंचे और किसानों को सम्बोधित किया। मंच संचालन जिला प्रधान निर्भय रतिया ने किया। कन्वेंशन में निर्णय लिया गया कि भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां लोकसभा चुनावों में किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी का समर्थन नहीं करेगा। जोगिंदर सिंह उग्राहां ने कहा कि वोटों से मेहनतकश लोगों के हालत नहीं बदलने वाले, लोगों को जात-धर्म के झगड़े छोड़ कर अपनी मांगों पर आम जनता को संगठित कर अनुशासन में रह कर संघर्ष करना होगा। उन्होंने कहा कि 75 सालों से राजनैतिक लोग रंग बिरंगे झंडे पार्टियां बदलकर आ रहे हैं, परंतु जीतने के बाद ये विधानसभाओं और लोकसभा में मेहनतकश लोगों के पक्ष में कोई कानून नहीं बनाते, उल्टा पूंजीपतियों के लिए काम करते हैं।

कालांवाली रेलवे स्टेशन पर पानी को तरस रहे यात्री

- पिछले 10 दिन से पेयजल सप्लाई नहीं आने से हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कालांवाली

रेलवे स्टेशन कालांवाली पर असुविधाओं की भरमार है। जिसके चलते रेल यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। रेल यात्रियों को भयंकर गर्मी में भी पीने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध नहीं हो रहा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर सफाई को लेकर फैली अव्यवस्था, शौचालयों में फैली गंदगी आदि के लिए दिक्कते झेलनी पड़ रही है। यात्रियों के रेल प्रशासन को बार-बार अवगत करवाने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। रेल यात्रियों बिंदर सिंह, विजय कुमार, हरदीप सिंह, विक्की, राजिंद्र, हन्नी, अजय आदि ने बताया कि भयंकर गर्मी और झुलसा देने वाली लू में भी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए शुद्ध व ठंडे पानी की कोई उचित व्यवस्था नहीं है।

सिरसा। कालांवाली रेलवे स्टेशन पर पानी के बिना सूखे प्याऊ का दृश्य।

गुरु अर्जुनदेव सेवा समिति करती है पानी की सेवा

रेलवे स्टेशन पर पिछले 10 सालों से अधिक समय से गुरु अर्जुनदेव सेवा समिति पानी पिलाने की सेवा करती है। समिति के द्वारा रोजाना सुबह 10 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक यात्रियों को ठंडा पानी पिलाया जाता है। लेकिन सुबह 10 बजे से पहले

गपानी का प्रबंध करवा देते है: स्टेशन मास्टर

कालांवली के स्टेशन मास्टर शमिंद्र कुमार ने कहा कि यदि स्टेशन पर पानी की कोई समस्या है तो वह देखकर पानी की व्यवस्था करवा देते है। साथ में सफाई कर्मचारी को बोलकर सफाई व्यवस्था को सही करवा देते हैं।

लू से करें अपना और जीव जंतुओं का बचाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

जेसीडी विद्यापीठ ने आज बढ़ती हुए भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए राहगीरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था को शुरू करके सामाजिक सेवाओं में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस पहल के तहत, गेट के पास एक विशेष स्थान पर मिट्टी के घड़ों में ठंडा पानी रखा गया है, जिससे राहगीरों को अधिकतम आराम और सुविधा मिले। स्वयं जेसीडी विद्यापीठ के महानिदेशक डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा ने अपने हाथों से विद्यार्थियों को ठंडा पानी पिलाकर इसका शुभारंभ किया। उनके साथ विद्यापीठ के जनसंपर्क निदेशक डॉ. जय प्रकाश एवं सिक्योरिटी ऑफिसर जसवंत सिंह व अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। डॉ. ढींडसा ने कहा कि इस भीषण गर्मी में लू से अपना और जीव जंतुओं का बचाव करने के लिए विद्यापीठ ने कई उपाय अपनाए हैं। विशेष रूप से, विद्यापीठ ने अपने कैंपस के गेट पर राहगीरों के पीने के लिए ठंडे पानी की सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। यह सुविधा विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, राहगीरों और जीव जंतुओं को लू के खतरे से बचने में मदद करेगी। उन्होनें कहा कि लू के खतरे से बचने के उपाय अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। लू के खतरे से बचने के लिए हमें पर्याप्त पानी पीना, ठंडा पानी और ज्यादा से ज्यादा फल खाना, छाता प्रयोग करना, धूप में कम समय बिताना, ठंडे वस्त्र पहनना, और बच्चों और बुजुर्गों की देखभाल करना जरूरी है।

सिरसा। डॉ. कुलदीप सिंह ढींडसा विद्यार्थियों को पानी पिलाकर पीने के पानी की व्यवस्था का शुभारंभ करते हुए। फोटो :हरिभूमि

बच्चों ने पूल पार्टी में की खूब मौज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

दशमेश कॉन्वेंट स्कूल में नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए पूल पार्टी का आयोजन किया गया। बच्चों ने पूल पार्टी का खूब आनंद लिया। सभी बच्चों ने कोल्ड ड्रिंक पीया और वाटरमेलन खाया। बच्चों ने वॉटर पूल के अंदर खूब मस्ती की, जमकर डांस किया और स्लाइड्स का भी आनंद लिया। बच्चे रंग-बिरंगे चश्मे और छतरियों के साथ वॉटर पूल में बहुत ही सुंदर लग रहे थे। बच्चों के साथ-साथ अध्यापिकाओं ने भी पूल पार्टी का बहुत आनंद उठाया। स्कूल प्रिंसिपल नरेंद्र कौर और डायरेक्टर स्वर्ण सिंह शम्मी ने बताया कि स्कूल में पूल पार्टी आयोजित करने का उद्देश्य बच्चों को बढ़ती हुई भीषण गर्मी से राहत दिलाना और पूल के अंदर गेम्स , डांस और स्विमिंग जो कि बच्चों के मनोरंजन के लिए बहुत जरूरी है। समय-समय पर इस तरह की गतिविधियां स्कूल के अंदर करवाई जाती हैं ताकि बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास हो सके और बच्चे हमेशा हंसते हुए स्कूल आएं।

रतिया। दशमेश कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थी पूल पार्टी में मौज मस्ती करते हुए।

परीक्षा परिणाम में छाया राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलपालिया

- बलवंत 477 अंकों साथ विद्यालय में प्रथम रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय धौलपालिया ने बोर्ड परीक्षाओं में खंड स्तर पर अपने दमदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय का परिणाम इस सत्र में बेहद शानदार रहा है। कार्यकारी प्रिंसीपल रायसिंह गोदारा ने बताया कि बारहवीं में 45 विद्यार्थी मेरिट में आए हैं, जबकि विज्ञान के 21 छात्रों में से 9 छात्र मेरिट में स्थान बनाने में कामयाब रहे। विज्ञान की छात्रा मुस्कान ने 475 अंकों के साथ विद्यालय में सवार्च्च स्थान प्राप्त किया है। दसवीं का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा है। 24 विद्यार्थी मेरिट में स्थान बनाने में कामयाब रहे।

बलवंत 477 अंकों साथ विद्यालय में प्रथम रहा है। गोदारा ने बताया कि विद्यालय के पिछले तीन वर्षों में बोर्ड परीक्षाओं में लगभग 200 बच्चे मेरिट्स प्राप्त कर चुके हैं, जोकि ग्रामीण अंचल के विद्यालय के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। विद्यालय से पिछले तीन वर्षों में 6 विद्यार्थी नीट परीक्षा पास कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि इस सबका श्रेय बच्चों और अभिभावकों को जाता है, जिन्होंने स्टाफ की कमी के बाद भी हम पर विश्वास बनाए रखा और आज शानदार परिणाम आया है।

कार्यक्रम संत शिरोमणि श्री नामदेव सभा द्वारा समाज मिलन एवं बुजुर्ग सम्मान समारोह

छिंपा समाज की राजनीतिक विंग का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भूना

अच्छे रिश्तों के लिए सहानुभूति और समझ होना आवश्यक है। हमें दूसरे व्यक्ति की भावनाओं और दृष्टिकोण को समझने की कोशिश करनी चाहिए। यह बात जिला न्यायवादी पूनम वर्मा व सहायक जिला न्यायवादी अभिषेक डीडवानिया ने रविवार को गीता धर्मशाला में संत शिरोमणि श्री नामदेव सभा के तत्वावधान में जिला स्तरीय छिंपा समाज मिलन एवं बुजुर्ग सम्मान समारोह में बतौर मुख्यतिथि समाज के लोगों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बुजुगार्ें के आशीर्वाद के बिना सफलता की सीढ़ियां नहीं मिल सकती, इसलिए सर्वप्रथम मां-बाप व गुरुजनों का सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में नामदेव सभा हिसार के पूर्व प्रधान सूबेदार प्रेम सिंह, जिला बागवानी अधिकारी डॉ. रमेश कुमार सागू, जिला खेल अधिकारी राजबाला छिंपा, कष्ट निवारण समिति फतेहाबाद के सदस्य शुभम सागू, सुरेश कुमार कोहली, नामदेव सभा रतिया के प्रधान बलदेव सिंह व टोहाना के प्रधान निर्मल सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता संत शिरोमणि नामदेव ट्रस्ट एवं सभा हिसार के अध्यक्ष प्रताप वर्मा ने की।

जिला न्यायवादी पूनम छिंपा ने कहा कि वर्तमान में नशा फतेहाबाद में आसपास के एरिया में काफी युवाओं एवं लोगों को प्रभावित कर रहा है, इसलिए अपने बच्चों को नशे से बचाने के लिए हर संभव प्रयास करें। बच्चों को अधिक से अधिक शिक्षित बनाने की दिशा में कदम उठाएं। क्योंकि जो शिक्षित होगा वही आगे बढ़ेगा। जिला प्रधान राम अवतार पंवार, प्रमोद कुमार तथा दलबीर सिंह ने बताया कि फतेहाबाद में संत शिरोमणि नामदेव धर्मशाला को लेकर पिछले लंबे समय से समाज के लोग विधायक व सांसद तथा मुख्यमंत्री के दरबार में कई बार जमीन अनुदान में देने के लिए कर गुहार लगा चुके हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने लोकसभा चुनाव के बाद छिंपा समाज को धर्मशाला के लिए जमीन उपलब्ध करवाने का आश्वासन दिया हुआ है। उन्होंने बताया कि समाज के लोगों की एक राजनीतिक विंग गठित की गई है, जो 23 मई को किस पार्टी को समर्थन देंगे इस पर फैसला लिया जाएगा।

भूना। समारोह में बुजुर्ग महिला को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करते जिला न्यायवादी पूनम छिंपा व अन्य अतिथि।

सुख तो धर्माचरण से मिलता है, अन्यथा संसार तो दुःखमय है ही! संसार के कर्मों को धार्मिकता के साथ करने में सुख की ही संभावना है।

- जयशंकर प्रसाद

हरपाल का यह सपना.. सपना ही रह गया कि अंत समय में उसके चारों बेटे उसे घेर कर खड़े होंगे, लेकिन सिर्फ कृष्णा उनके पास खड़ा था। अब वह भगवान से प्रार्थना कर रहे थे कि हे भगवान हर एक माता-पिता को एक कृष्णा जैसी संतान जरूर देना।

कृष्णा

कहानी | रेखा शाह आरबी

हरपाल चौधरी एक संपन्न किसान था। खूब संपन्न खेती और गृहस्थी थी। पचास बीघा खेत और गांव के बीचों-बीच बड़ा सा मकान और और दरवाजे पर चार दुधारू पशु उसके ऊपर ईश्वर की बहुत ही अनुकंपा थी और उसके लंबे चौड़े मकान के आंगन में खेलते उसके चार बेटे उसके मन की शक्ति थे। जब भी अपने चारों बेटों को आंगन में खेलता हुआ देखता तो यही सोचता -मुझे किस बात की फिक्र है, जिस दिन मेरे चारों बेटे जवान हो जाएंगे उस दिन मुझसे ज्यादा संपन्न और कौन होगा लोग अपने बुढ़ापे से डरते होंगे मेरे तो चारों बेटे मुझे चारों ओर से घेर कर रखेंगे वह यह सब सोच कर प्रफुल्लित हो उठता था।

ये तो एक इंसान की सोच है, लेकिन ऊपर वाले ने किसके लिए क्या सोच कर रखा है कोई भी नहीं जान पाता है। किस सुख के पीछे दुख की गठरी छुपा कर रखी है और किस दुख के पीछे खुशी का खजाना छुपा कर रखा है यह सिर्फ ईश्वर ही समझ सकता है। आम इंसान कभी नहीं जान सकता है, लेकिन फिर भी हम सब कयास लगाने से नही चूकते हैं।

उसके गांव जगतपुर में यह बात प्रसिद्ध थी कि हरपाल से संपन्न किसान चार जवार में नहीं है। उसके घर लक्ष्मी और सरस्वती दोनों की कृपा एक साथ अपनी अनुकंपा बरसाती हैं। उसने खूब सपने सजाए थे अपने बेटों के लिए कि किसी को डॉक्टर तो किसी को इंजीनियर बनाऊंगा। समय अपनी गति समय से बढ़ता रहा और बच्चे भी बड़े होते रहे। अपनी तरफ से चारों बच्चों रोहन, मोहन, सोहन, कृष्णा को पढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। रुपये पैसे की कोई कमी नहीं थी। सब पढ़ने में होशियार थे, इसीलिए आगे बढ़ते चले गए। लेकिन सबसे छोटा कृष्णा पढ़ने के मामले में मंदबुद्धि निकला। गांव के स्कूल से शहर के स्कूल पढ़ने नहीं जा सका। खेती गृहस्थी तो संभाल लेता था, लेकिन पढ़ाई के मामले में वह आगे नहीं बढ़ सका। हरपाल कृष्णा को देखकर बहुत ही चिंतित रहा करता था। पिता होने के नाते उसकी चिंता जायज भी थी।

वह चाहता था कि उसके और बच्चों की तरह.. कृष्णा भी पढ़ लिखकर एक बड़ा आदमी बने, लेकिन ऐसा संभव न हो सका। ईश्वर ने उसकी किस्मत में कुछ और लिखा था। एक बार हरपाल के गांव जगतपुर में एक बड़े ही पहुंचे हुए महात्मा जी मंदिर पर प्रवचन देने के लिए आए थे। तो वह उनके आगे अपना दुखड़ा रोने लगा- 'बाबा मेरे तीनों बेटे तो बहुत होशियार हैं पढ़ने लिखने में सब चीज में, लेकिन मेरा छोटा बेटा कृष्णा वह पढ़ाई के मामले में मंदबुद्धि और एकदम सीधा-साधा है मुझे समझ नहीं आता है मेरे बाद उसका गुजर बसर कैसे होगा?'

महात्मा जी के चेहरे पर बहुत तेज था वह बोले- 'बेटा ईश्वर ने सबको जन्म दिया है और उसी ने सबका भाग्य भी लिखा है। यहां धरती पर चींटी का भी गुजर हो जाता है और शेर का भी गुजर हो जाता है। तुम अपने जिस बेटे के कारण घुले जा रहे हो सकता है भगवान ने कुछ अलग और अच्छा ही सोच रखा होगा, इसीलिए व्यर्थ की चिंता ना करो। सब ईश्वर के ऊपर छोड़ दो। बस कर्म अच्छे करते रहो फल देने वाला तो ऊपर बैठा है और वह किसी के साथ अन्याय नहीं करता है।'

बाबा जी की बात सुनकर हरपाल को संतुष्टि तो नहीं हुई, लेकिन फिर ईश्वर के ऊपर छोड़कर वह अपनी दुनियादारी में व्यस्त हो गया। समय बदलते और बीतते देर नही लगती है। बच्चे बड़े हो गए वह बच्चो के खुद बाप बन गए। घर की खेती बाड़ी विस्तृत थी और हाथ बटाने वाला कृष्णा के अलावा कोई न था। तीनों बेटे तो जैसे लगता था शहर के ही होकर रह गए।

गांव की धूल मिट्टी अब उन्हें रास नहीं आती थी। शुरू-शुरू में तो छुट्टियों में आते भी रहे, लेकिन अब तो धीरे-धीरे आना एकदम बंद कर दिए साल में एकाध बार ही आते थे। जब तक शरीर में हरपाल के जान रही तब तक तो वह शहर में जाकर नाती पोतों से मिल आता था। लेकिन अब 4 महीने हो चुके थे उसे अस्वस्थ रहते हुए, लेकिन ना बेटे शहर से देखने आए और ना ही वह पोतों को देखने शहर ही जा सका। इधर दिन पर दिन स्वास्थ्य गिरता ही जा रहा था।

कुछ उम्र का असर कुछ बीमारियों का असर पूर्ण रुपये से शरीर पर था। एक दिन कृष्णा को बुलाकर कृष्णा से बोला- 'कृष्णा शहर में अपने सभी भाइयों को फोन कर दे। वह सभी आकर मुझसे मिल ले क्या पता कब आंख मुंद जाए और मुलाकात भी ना हो। हरपाल चौधरी बेहद कमजोर आवाज में बोला।' ठीक है बाबूजी मैं अभी फोन लगाता हूं कह कर कृष्णा हरपाल के पलंग के बगल में रखे फोन से अपने भाइयों को फोन लगाने लगा।

'हेलो भैया..आप बच्चे भाभी के साथ गांव आ जाइए। यहां पर बाबूजी की तबीयत बहुत खराब है। कुछ भी हो सकता है, इसलिए आप लोग आकर मिल जाइए और साथ ही मोहन, सोहन भैया को भी खबर कर दीजिएगा।' कृष्णा के बड़े भैया रोहन ने कुछ बातचीत और ताकीद के साथ फोन रख दिया।

इधर हरपाल चौधरी रोज दिन अपने बेटे और नाती पोते के लिए इंतजार करते, लेकिन शहर से ना किसी को आना था ना आया। आखिर एक दिन इंतजार करते-करते हरपाल चौधरी को अब समझ में आ चुका था.. उनके बेटों के लिए उनके जीवन का कोई मोल मूल्य नहीं है। शायद वह कुछ ज्यादा समझदार है। हरपाल चौधरी को साधु बाबा की बातें भी याद आ रही थी कि ईश्वर जो करता है अच्छा ही करता है। वह भी अब सोचते हैं कि अगर कृष्णा अपने तीनों भाइयों के जैसा होता तो क्या होता। अच्छा ही रहा कि थोड़ा मंदबुद्धि है कम से कम उसके अंदर रिश्ते नाते और इंसानियत तो जिंदा है ।

अब वह साफ-साफ साधु बाबा के बातों का मंतव्य समझ चुका था.. और अब उसे कृष्णा के भविष्य की जरा भी चिंता नहीं थी क्योंकि वह समझ चुका था कृष्णा भले ही धन से बहुत ज्यादा अमीर ना बने, लेकिन इंसान के रूप में वह बहुत अच्छा इंसान भगवान ने बनाया है।

हरपाल का यह सपना.. सपना ही रह गया की अंत समय में उसके चारों बेटे उसे घेर कर खड़े होंगे। घेर कर तो खड़ा था लेकिन सिर्फ कृष्णा उनके पास खड़ा था। अब वह भगवान से प्रार्थना कर रहे थे कि हे भगवान हर एक माता-पिता को एक कृष्णा जैसी संतान जरूर देना ताकि दुनिया में रिश्ते नाते प्रेमभाव और इंसानियत जिंदा रहे।

(लेखिका वरिष्ठ साहित्यकार हैं)

आंगन में चारपाई

कहानी | मधु वशिष्ठ

आज लगभग बाबू जी की मृत्यु के 8 साल बाद हम सारे भाई बहन गांव की हवेली में इकट्ठे हुए। आज 2:00 बजे पड़ोस के ताऊ जी के बेटे को हम सब ने हवेली के कागजात पर साइन करने का वादा किया था। हम सब बहुत समय बाद अपनी पुरानी हवेली में इकट्ठे हुए थे। घर की हर चीज पुरानी यादें दिला रही थी। हालांकि हम सबके चेहरों पर झुर्रियां स्पष्ट थी। हम सब लगभग बुढ़ा चुके थे लेकिन हवेली में आते ही मानो हमारा बचपना लौट आया हो। हम सब भूल चुके थे कि हम जीवन के रास्ते पर इतने आगे बढ़ चुके हैं कि अब दादी और नानी का भी किरदार निभा रहे हैं, लेकिन हवेली में हम सातों भाई बहन फिर वैसे ही हो गए थे जैसे कि माता-पिता की छत्रछाया में होते थे। छोटी दीदी चिल्लाती हुई बोली, आम के पेड़ को देखो कितना बड़ा हो गया है ना और कितनी सारी अंबिया लग रही है। हालांकि अंदर बहुत धूल मिट्टी जमी हुई थी फिर भी चुटकी और मंझले भैया यूं ही पूरे हवेली में घूम-घूम कर देख रहे थे। बचपन की ही बातें करते हुए मानो हम सब अपने बचपन को दोबारा से जी रहे थे।

घर की चाबी बड़े भैया के पास रहती थी। पूरे घर में खरपतवार उगी हुई थी। शायद बड़े भैया भी बाबू जी की मृत्यु के बाद पहली बार ही हवेली में आए थे। उन्होंने अंदर जाकर सारी चारपाइयां और पलंग हमने सबके बैठने के लिए निकाले। चारपाइयों पर अब भी बेहद धूल जमी हुई थी और लगभग हर चारपाई झूला सी बन चुकी थी। उनमें से भी एक टूटी हुई खटोले जैसी चारपाई को देखकर मंझला भैया बड़ी दीदी से बोला यही तेरा सिंहासन है ना जिस पर कि तू मुझे बैठने भी नहीं देती थी। हम सब भाई बहन हंस पड़े और सब पुरानी यादों में ही खोए हुए थे। तभी ताऊ जी का बेटा घर के सारे कागजात तैयार कर के ले आया था । दीदी के आंखों की कोरों में तो आंसू भी स्पष्ट थे। आज के बाद इस घर से हमारा सबका नाता ही टूट जाएगा। आज तक हम सब खुद का परिचय दिल्ली के इस गांव के नाम से देते हैं अब---? भाई साहब इधर साइन कर दो, ताऊ जी के बेटे की इस आवाज से हम सब की तंद्रा टूटी। भाई साहब ने पेन हाथ में लिया, हम सब की ओर देखा और फिर बोले, मैं इस घर को बेचना नहीं चाहता। हम सब ने भाई साहब की और प्रश्नसूचक दृष्टि से देखा। तभी ताऊ जी के बेटे ने हैरान होकर कहा तो फिर? भाई साहब आप बाहर पता कर लो इससे ज्यादा पैसे गांव में और कोई नहीं दे पाएगा। मैं तो सिर्फ इसलिए इस घर को लेना चाहता हूं क्योंकि मेरे दोनों बेटे जिसमें से कि एक तो डॉक्टर है वह यहां पर अपनी क्लिनिक चला लेगा और दूसरा बेटा जो कि अपनी कोचिंग क्लासेस लेता है वह भी इसी हवेली में ही बच्चों को पढ़ा लेगा। मेरे तो यह घर साथ में लगा हुआ है, इसलिए ही तो मैं इसे खरीदना चाहता हूं और --? तभी भाई साहब बोले, मैंने यह कब कहा कि मैं तुझे घर नहीं दूंगा। मैं तो सिर्फ इतना ही चाहता हूं कि इस घर में आप लोग आराम से कोचिंग भी चलाओ और क्लीनिक भी बनाओ। निखिल भाई इस घर में हमारे माता-पिता की मूर्ति लगेगी और उनके नाम से ही कोचिंग और क्लीनिक भी चलेगी। आप तो बस हमें सिर्फ इतना वचन दो कि पूरे दिन में एक घंटा उनके नाम से आप गरीबों को मुफ्त दवाई देंगे और उनको पढ़ाई भी करवाएंगे। यदि आपको ऐसा करने के लिए कुछ पैसों की भी आवश्यकता हुई तो मैं वह भी दे दूंगा, लेकिन इस घर में हमारा नाम और हम सब की पहचान हमेशा बनी रहनी चाहिए। हमारे बच्चों को और सबको अपने गांव का पता हमेशा याद रहना चाहिए। यह हवेली नहीं हम सब का तीर्थ स्थल है। हमारे बच्चों को भी पता होना चाहिए कि उनके माता-पिता कहां रहते थे। आज हम सब को यहां आकर बहुत अच्छा लगा है।' भैया ने ताऊजी के बेटे से कहा निखिल भाई यह जो चारपाई खटोला बन चुकी है इसे फिर से बनवाकर आंगन में ही डलवा देना। ऐसा बोलकर भाई साहब ने हम सब की ओर देखा। उनके इस सुझाव पर हम सब ने मौन स्वीकृति दे दी थी और आज का दिन हमारे लिए बहुत खास था। ऐसा महसूस हो रहा था मानो अम्मा बाबूजी हमारे बीच में ही बैठे हैं।

(लेखिका वरिष्ठ साहित्यकार हैं)

ग़ज़ल | श्रीभगवान बत्वा

दौर बदलेगा

दौर बदलेगा फिजाएँ भी सुहानी शाम देंगी,
राह पर बढ़ते रहो तुम, मंजिलें आराम देंगी ।

है नहीं मुश्किल डगर यह हौंसले से काम ले लो,
हिम्मतें ही कह रहे सब, साँसों का ईनाम देंगी ।

आपकी उलझी लटों का है समय कुछ कीजिएगा,
उलझनें अब भी बढ़ी तो जिन्दगी को थाम देंगी।

महफ़लों में है जरूरी आना-जाना छोड़ दो तुम,
होश उड़ जायेंगे तेरे, महफ़लें वो जाम देंगी ।

है जहाँ भी तू ठहर जा, जीतना जो चाहता है,
कोशिशें हम सब करेंगे, तो बड़ा अंजाम देंगी।

लघुकथा | संध्या प्रकाश

सुलह

रोज-रोज के झगड़े अब मैं बर्दाश्त नहीं कर सकती। तुम्हारे जैसे गुस्सैल आदमी के साथ मुझे निकाह के लिए अपनी रज़ामंदी नहीं देनी चाहिए थी तल्ख़ आवाज़ में शबीना बोली। 'फिर यहाँ क्यों बैठी हो। चली क्यों नहीं जाती।' शमशेर ने भी गरज़ते हुए जवाब दिया। तैश में शबीना ने कुछ सामान और कपड़े झोले में भरे और रोते हुए बोली 'मुझे मेरे अब्बू-अम्मी के घर पहुँचा दो। मुझे तुम्हारे जैसे शौहर के साथ एक पल भी इस दोज़ख में नहीं रहना है।' शमशेर ने भी दनदनाते हुए दरवाज़े पर खड़े अपने साइकिल-रिक्शा को निकाला और गुस्से में बोला, 'मेरे ऊपर तेरा ये रौब नहीं चलेगा। रिक्शा में बैठो... आज तुझे तेरे नैहर छोड़ आता हूँ।' बाहर गर्म लू चल रही थी। पारा 40 डिग्री के पार था। पसीने और गर्मी से शबीना का बुरा हाल था। उसने शमशेर की तरफ़ देखा। शमशेर अपनी धुन में रिक्शा चलाए जा रहा था। उसका शरीर पसीने से लथपथ था। शबीना को अपने बर्ताव पर अफ़सोस हुआ। उसने झोले में से छतरी निकाली और शमशेर के सिर पर तान दी। शबीना के इस रूप को देख शमशेर बोला 'शबीना, मुझे माफ कर दे। अब मैं तुझ पर गुस्सा नहीं किया करूँगा। तू भी मुझसे प्यार से बात किया कर।' शबीना हौले से मुस्कुरा दी। शमशेर ने रिक्शा घर की तरफ मोड़ दिया।

कुण्डलिया छंद | डॉ. राजेन्द्र कुमार अवस्थी

होने लागीं रैलियाँ

होने लागीं रैलियाँ, बड़ी-बड़ी अब आम।
आती रही चुनाव में, रैली सबके काम॥
रैली सबके काम, काम ये चोखा करतीं।
हरियाणे में नित्य, जोश जनता में भरतीं॥
देना वोट जरूर, चले मत जाना सोने।
दिवस मई पच्चीस, चुनाव यहाँ पर होने॥
रैली में दिखला रहे, नेता अपना जोर।
विविध चुनावी रूप में, मचा हुआ अब शोर॥
मचा हुआ अब शोर, वोट की महिमा न्यारी।
जता रही है भीड़, कौन का पल्ला भारी॥
देना उसको वोट, बने जो देश रचेता।
प्रगति देश में खास, माइने रखता नेता॥

लघुकथा | राकेश कुमार सपड़ा

दूसरा पहलू

उसका बायां बाजू पेट के साथ चिपका हुआ था और वो मुश्किल से स्टिक के सहारे से लड़खड़ाते हुए चल कर आया था। जैसे ही वो शहर के जाने माने वकील मनोज अवस्थी के दफ्तर में उनके सामने कुर्सी पर आ कर बैठा तो पुरानी सारी यादें चलचित्र की भांति उनके विचार पटल से होकर गुजरी थी। वो और कोई नहीं विनीत था जो एक समय उनके पास जूनियर रह कर वकालत सीखा था। कुछ ही समय मे वो उनका चहेता और परिवार के सदस्य जैसा बन गया था। बेहद कुशल और पेशे के प्रति समर्पित। थोड़े ही समय मे वो वकालत के गुर सीख गया था। ये मनोज अवस्थी ही थे जिन्होंने उसकी शादी अपने पहचान वाले हरिशंकर की बेटी पायल से करवाई थी। पायल भी बहुत सुशील थी। दोनों की जोड़ी बेहद खूबसूरत थी। बाद मे विनीत ने अपने शहर मे जाकर वकालत शुरू करने की इजाजत मांगी थी और अवस्थी जी ने भी उसे खुशी-खुशी शुभकामनाएँ दे कर विदा किया था। विनीत ने अपनी लगन व मेहनत से चंद वर्षों में वकालत में अच्छा नाम कर लिया था, जिसकी खबर उनको मिलती रहती थी। विनीत को इस हालत में देखकर अनायास ही उनकी जुबान से निकला 'ऐसा कैसे? तुम तो अच्छा कर रहे थे?' 'डेस्टिनी को शायद यही मंजूर था सर मेरा वकालत का सफर यही तक था। मुझे पैरालैटिक अटैक हुआ तथा बायें हिस्से ने काम करना बंद कर दिया। वकालत छूट गई सर। कई महीने बिस्तर पर ही गुजरे हैं। ये तो भला हो फ़िज़ियोथेरेपिस्ट का जिसकी वजह से स्टिक के सहारे अब कुछ चल पाता हूँ।' विनीत ने लड़खड़ाती जुबान से जवाब दिया था। 'पायल नहीं आई तुम्हारे साथ।' उन्होंने पूछा था। 'नहीं सर वो तो नहीं आई किन्तु उसकी वजह से मैं आपके पास आया हूँ। ' ये कह कर विनीत ने कुछ पेपर आगे कर दिए थे। वो पायल द्वारा भेजा गया कानूनी नोटिस था, जिसमें उसने विनीत से तलाक लेने की माँग की थी। पढ़ कर अवस्थी जी के चेहरे पर परेशानी के भाव उभर आये थे।' सर मैंने भी अब ये फैसला लिया है कि पायल को तलाक दे दूं मेरे पास अब उसे देने को कुछ नहीं है और मैं उस पर बोझ बनकर नहीं जीना चाहता हूँ। पिता जी तो नहीं रहे माँ के साथ रहकर ही जैसे- तैसे गुजारा कर लूँगा। मुझे भी अब उसकी जरूरत नहीं है। आप पायल को बुलाकर मेरे इस फ़ैसले बारे बता दें। हम आपसी रजामंदी से तलाक ले लेंगे आपकी कृपा होगी।' विनीत ये कह कर चला आया था। पायल अवस्थी जी के सामने बैठी थी। उन्होंने ही उसे बुला भेजा था। अवस्थी जी ने सारी बात उसके समक्ष रखते हुए कहा 'मुझे तुमसे कदापि ये उम्मीद नहीं थी।' पायल के चेहरे पर हल्की सी मुस्कान उभर आई थी। 'आप भी मुझे विनीत की तरह समझ नहीं पाए सर। मैं विनीत को पल-पल निराशा के साथ जीते देखना नहीं चाहती थी। वो बिस्तर पर पड़ा रहकर जिंदगी को कोसता रहता था। किसी इलाज का कोई असर उस पर नहीं हो रहा था। वो इस कदर अवसाद में जा रहा था कि उसे ये शॉक देना जरूरी था।मैं उसको छोड़ कर भले ही आ गई थी, किन्तु मेरा प्यार उसके प्रति कभी कम नहीं हुआ। मैं हमेशा उस फ़िज़ियोथेरेपिस्ट के सम्पर्क में रही हूँ जो उसका ट्रीटमेंट कर रहा है। नोटिस भी इसलिए भेजा था कि वो जिंदगी के प्रति अपनी निराशा की सोच से निकल कर फिर से उठ खड़ा हो। आज मुझे लगता हैं कि मैं अपने मकसद में कामयाब रही हूँ। जल्द ही वापस लौट जाऊँगी सर।' अवस्थी जी के चेहरे पर भी संतोष के भाव थे। बरबस ही उनका हाथ पायल के सिर पर आशीर्वाद के लिए उठ आया था। सिक्के का ये दूसरा पहलू उनकी सोच से परे निकला था।

haribhoomisahitya@gmail.com पर आप अपनी रचनाएं भेज सकते हैं।

श्रेष्ठ साहित्य के सृजन के लिए आपको अधिक से अधिक अध्ययन करना पड़ेगा, तभी आप एक कालजयी साहित्यकार बन सकते हैं। वरिष्ठ साहित्यकारों का भी दायित्व है कि वे युवा पीढ़ी को आगे रखें, नवांकुरों को अपने सहयोग का जल सिंचन करें.. ताकि वे पल्लवित पुष्पित हो सके। युवा रचनाकारों को मंच देकर, पत्रिकाओं में उनकी रचनाओं को स्थान देकर और उन्हें प्रोत्साहित करके, सम्मानित करके, श्रेष्ठ साहित्य को बढ़ावा दिया जा सकता है।

साक्षात्कार | शशि कांत चौहान

साहित्य सृजन के अभाव में जीवन में शुष्कता आती: डॉ. चंद्रदत्त शर्मा

साहित्य केवल चित्रण नहीं करता ,वर्णन ही नहीं करता, बल्कि समाज कैसा होना चाहिए इस बात पर ध्यान देता है और दिलाता है। इस कारण अगर साहित्य का सृजन नहीं हो पाता या युवा वर्ग उसमें रुचि नहीं ले पाता तो यह समाज से नैतिकता के पतन का कारण बन सकता है। साहित्य सृजन के अभाव में समाज व जीवन में शुष्कता आ सकती है। यह कहना है कवि डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि का।

मडॉ. चंद्रदत्त शर्मा को साहित्यिक संस्कार विरासत में मिले हैं। उनके दादाजी माया चंद हरियाणवी वाद्य घड़वा बजाते थे। पिताजी बैंजो, हरमोनियम और सामाजिक और भक्तिपूर्ण मधुर भजन गाते रहे हैं। इसके अतिरिक्त दादा रतिराम मास्टर तो भजनी जगदीशचंद्र वत्स आंचरा के गुरु रहे हैं। चंद्रदत्त भी कक्षा 5वीं से कुछ जोड़-तोड़ करने लगे थे। उन्होंने मैथिलीशरण गुप्त की मातृभूमि कविता को हरियाणवी में अनुवाद कर गाया था। आठवीं कक्षा में निबंध लेखन में विद्यालय में प्रथम रहे। 11वीं (1991) में ठीक से कविता लिखने लगे थे। रुचि उतनी थी कि एमए की परीक्षा के समय में रातभर कविता लिखते रहे और उस वर्ष उन्होंने 300 कविताएं लिखी।

उनकी प्रथम कविता 'गौरव गाथा' 1993 में गौड़ कालेज की पत्रिका में भेजी गई थी, इसके अतिरिक्त कई रचनाएं सांध्य दैनिक में छपती रहीं। शुरूआत में वे परिवार वालों से छिपकर लिखते थे। जब घरवालों को पता चला, वे इस कला के विरुद्ध थे, परंतु पिताजी ने उनकी 2 पुस्तकें (भारतभूमि, भारतेंदु काव्य) छपवाई थी। प्रारंभ में चंद्रदत्त शर्मा ने अपनी भैंस पर कविता लिखी, फिर पूरे गांव पर, गांव के अविवाहितों पर रागनी लिखी। तालाब पर बैठकर कविताएं सुनाता था, तब उनकी भैंस भी गुम हो जाती थी। वर्ष 1998 में जब वे एम. ए. हिंदी में थे, राष्ट्रीय वीररस कवि सम्मेलन एमडीयू में था.. जिसमें राजकवि उदयभानु हंस और हरिओम पंवार थे। 'घायल हैं सब' कविता प्रस्तुत की थी। डॉक्टर पूर्णचंद शर्मा और प्रो. नरेश मिश्र ने कला के निखार में बहुत सहयोग किया। बाद में डॉक्टर मधुकांत जी ने भी पूर्ण सहयोग किया। रचनाएं छपने में और मंच न मिलने की पीड़ा ने आहत भी किया। एक गोष्ठी में गए, पर सुनाने का मौका नहीं दिया गया। जिस कारण प्रतिकार स्वरूप और नए साहित्यकारों के लिए भी (शैली साहित्यिक मंच) रजिस्टर कराया। साहित्य सोम त्रैमासिक निःशुल्क पत्रिका प्रारंभ की। उनके लेखन का फोकस सामाजिक विषमता ही रहा है। हास्य कविताओं में भी कहीं ना कहीं व्यंग्य ही निहित होता है। उनकी कला के विविध क्षेत्र रहे हैं, जैसेः हरियाणवी भजन, हरियाणवी कविता, हास्य कविता, हास्य व्यंग्य निबंध, लघुकथा, कहानी, संस्मरण आदि। पत्र पत्रिकाओं के अतिरिक्त आकाशवाणी रोहतक से युवा संसार में भी 12 वर्ष तक उनकी कविताओं का पाठ होता रहा है।

उनका कहना है कि आज साहित्य लेखन के साथ-साथ पाठक वर्ग की भी समस्या रही है। पाठकों के पास समय का अभाव है, कारण चाहे कोई भी हो लेकिन इसके लिए कहीं ना कहीं साहित्यकार भी जिम्मेदार है। साहित्यकार का दायित्व है कि वह राजनीति, जाति- धर्म आदि से ऊपर उठकर ऐसे साहित्य का निर्माण करें जो सार्वभौमिक और सर्वहित में हो। आज लेखन तो बहुत हो रहा है, लेकिन उसमें गुणवत्ता और गहनता की कमी है इस कारण लेखक को गहन अध्ययन के उपरांत ही अपना लेखन कार्य प्रारंभ करना चाहिए। ऐसी बात नहीं है कि युवा वर्ग लिख नहीं रहा है ,वह लिख तो रहा है लेकिन जो लिखना चाहिए वह लिख नहीं पा रहा है, उसकी अपनी समस्याएं हैं, कहीं बेरोजगारी तो कहीं पारिवारिक समस्याएं हैं । दूसरा कारण यह है कि जो लिख रहा है ..वह उस साहित्य को जी नहीं रहा है और सस्ती लोकप्रियता में खो जाता है,जो साहित्यकार अनुभव करेगा उसकी अनुभूति गहन होगी और जिसकी अनुभूति गहन होगी उसका साहित्य नया पाठक वर्ग तैयार करेगा और पाठकों में रुचि पैदा कर सकेगा।

प्रकाशित पुस्तकें

जहां तक पुस्तक प्रकाशन और लेखन का विषय है, डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि अब तक कुल 45 पुस्तक लिख चुके हैं, जिनमें 13 पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं। उन्होंने कई पुस्तक का संपादन भी किया है और 35 साझा-संग्रह भी निकाले हैं। इसकेसाथ साथ उन्होंने 30 शोधपत्र भी लिखे हैं। 10 राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया है। देशभर की 70 पत्र - पत्रिकाओं से अधिक में रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। हरिगंधा, हरिभूमि, के अतिरिक्त प्रमुख पत्रों में रचनाएं प्रकाशित हुई हैं। हरियाणा साहित्य अकादमी द्वारा भी पुस्तक प्रकाशित कराई गई है। डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि की कई रचनाएं विश्व रिकॉर्ड में भी संकलित की गई हैं।

डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि

पुरस्कार व सम्मान

जहां तक सम्मान की बात है अनेक साहित्यिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया गया। लगभग 300 सम्मान जो राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर के हैं; सम्मानित किया गया है। जैसे: अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा साहित्य सम्राट, साहित्य भूषण, साहित्य रत्न , भागलपुर हिंदी विद्यापीठ द्वारा विद्या वाचस्पति सम्मान, शिक्षाभूषण सम्मान, विकी वर्ल्ड रिकॉर्ड, लंदन वर्ल्ड रिकॉर्ड, समाज सारथी सम्मान, हरिवंश राय बच्चन सम्मान, डॉक्टर राधकृणन सम्मान, फणीश्वरनाथ रेणु सम्मान, सुमित्रानंदन पंत स्मृति सम्मान आदि।

व्यक्तिगत परिचय

नामः डॉ. चंद्रदत्त शर्मा चंद्रकवि
जन्मतिथिः 22.04.1973
जन्म स्थानः ग्राम ब्राह्मणवास रोहतक हरियाणा।
शिक्षाः एम. ए. हिंदी, एमफिल, पीएच. डी. हिंदी, बी. एड, विद्या वाचस्पति।
संप्रतिः हिंदी प्राध्यापक, राजकीय वरिष्ठ मा. विद्यालय घड़वाल, सोनीपत, हरियाणा।

मरहम का काम करती पुस्तक 'बारिश की बूँदें'

निशा भास्कर

पुस्तकः बारिश की बूँदें
लेखकः निशा भास्कर
मूल्यः 249 रुपये
प्रकाशकः किताबघर

पुस्तक समीक्षा | मनोरमा पंत

आज पूरे विश्व में बिखराव, खोखलापन, हीनता, कुंठा का भाव आता जा रहा है, ऐसे नैराश्य भरे वातावरण में निशा भास्कर की लघुकथा संग्रह 'बारिश की बूँदे' मरहम का काम करती हैं। निशा की लघुकथाएं आज के त्रस्त मानव के मानस को न केवल ठंडक पहुँचा रही हैं वरन समाज में व्याप्त विसंगतियों से लड़ने का हौंसला भी देती हैं। कुल 84 लघुकथाओं के इस गुलदस्ते के आत्मकथन में निशा भास्कर ने लघुकथा की परिभाषा, इतिहास, प्रकार, प्रयोगवादी लघुकथा लेखन पर समुचित प्रकाश डालकर एक सराहनीय कार्य किया है। 'बारिश की बूँदें' पढ़कर मुझे महसूस हुआ कि लघुकथाओं के माध्यम से हम समाज को पुनः साहित्य और संस्कृति से जोड़ सकते हैं। इस लघुकथा की पहली लघुकथा 'स्वीकार' प्रतिनिधि कहानी है। जिसमें गरीब परिवार का रोहन कुंठाग्रस्त होकर अपने आप को एक रईस बतलाता है, पर अंत में वह अपनी गलती स्वीकार कर,एक नया दृष्टिकोण अपना कर हीनता की ग्रंथि से छुटकारा पा लेता है। लघुकथा में शब्दों के संयोजन से भाषा शैली में अद्भुत सौन्दर्य पैदा करना इस लघुकथा की विशेषता है। 'कुदूस' उनकी एक अन्य सुन्दर लघुकथा है, जिसमें कुदूस नामक मुस्लिम बच्चा अपनी दादी का कंघा हिला-हिलाकर बोलता है। दादी मत रो! मेरी मैडम कहती है, अल्लाह और कान्हा दोनों ही रहमान है। दोनों अंदर से बिल्कुल एक समान है, बस नाम का फर्क है।' आज के युग में जब धर्मान्धता सिर पर चढ़कर बोली रही है। यह लघुकथा एक मरहम का काम करती है। 'क्या-क्या करूँ' बच्चों के मनोविज्ञान पर आधारित लघुकथा बालमन की दुविधा को उजागर करती हैं। 'कड़ी' नामक लघुकथा में संवेदना की पराकाष्ठा है। 'इन्द्रधनुष' भी गरीबी की त्रासदी से उपजी विडम्बना को उजागर करती सीधी सरल भाषा शैली की लघुकथा है। एक छतरी के लिए तरसते गरीब बिरजू को मजबूर माता-पिता जैसे-तैसे छतरी दिला देते हैं,तो बच्चे की खुशी से चमकती आँखें माँ को खुशी से सरोबार कर देती है। कई लघुकथाएँ उपदेशात्मक हो गई।'निपटारा' लघुकथा के शीर्षक के विषय में पुनः विचार किया जा सकता है। कुल मिलाकर इस संग्रह की प्रतिनिधि लघुकथाएं अपना प्रभाव छोड़ने में सफल रही है ।इन छोटी-मोटी कमियों के बावजूद 'बारिश की बूँदें' पाठकों को अवश्य पसंद आएगी, ऐसी मुझे पूर्ण आशा है।

खबर संक्षेप

परिवार गया पुष्कर धाम आभूषण ले उड़े चोर

हांसी। अज्ञात चोर सुल्तानपुर गांव में एक बंद मकान का ताला तोड कर हजारों रुपए की नकदी व सोने चांदी के आभूषण चुरा कर ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवास मालकिन केला देवी की शिकायत के आधार पर अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में केला देवी ने बताया कि वे गत दिवस अपने मकान को ताला लगा कर परिवार सहित राजस्थान के पुष्कर धाम में स्नान करने के लिए लिए गई थी। पुष्कर धाम में स्नान करने के उपरांत आज सुबह परिवार सहित मकान पर वापस आए तो देखा की घर के अंदर दो कमरों का ताला टूटा हुआ था और कमरे में सामान बिखरा पड़ा था। कमरे की अलमारी में रखे लगभग पैंतीस हजार रुपये नकद और एक सोना तबीजी व चांदी के आभूषण गायब मिले।

सिरसा रोड पर हुआ हादसा, पुलिस ने गाड़ी को काटकर शव बाहर निकाले

दो गाड़ियों में भिड़ंत, दंपती की मौत

गाड़ी में एक आधार कार्ड मिला है और गाड़ी में कागजात मिले हैं जिस में मंजीत लिखा है और झज्जर का पता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला मुख्यालय से कुछ ही दूर सिरसा रोड पर दो गाड़ियों के बीच हुई भिड़ंत में पति, पत्नी की मौत हो गई जबकि बच्चे गंभीर रुप से घायल हो गए। एक गाड़ी में पूरा परिवार था। हादसे के बाद दूसरा कार चालक मौके से फरार हो गया। घायलों को नागरिक अस्पताल भर्ती करवाया गया है।

सूचना मिलने के बाद पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से गाड़ी को काटकर शव बाहर निकाले। पुलिस मरने वालों की पहचान करने में जुटी है।

गाड़ी में एक आधार कार्ड मिला है और गाड़ी में कागजात मिले हैं जिस में मंजीत लिखा है और झज्जर का पता है। बताया जा रहा है कि यह परिवार झज्जर के गांव दुबलधन का रहने वाला है।

हिसार। सिरसा रोड पर दुर्घटनाग्रस्त कार। फोटो : हरिभूमि

किसी ने नहीं रोकी गाड़ी

हादसा होने के बाद बच्चे और मां मदद के लिए पुकारते रहे मगर किसी ने गाड़ी रोककर मदद नहीं की। अधिक खून बहने के बाद महिला ने बच्चों के सामने ही दम तोड़ दिया।

रांग साइड से आ रही कार ने दूसरी गाड़ी को मारी टक्कर

मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि एक कार नेशनल हाइवे 9 पर तेज रफ्तार से आ रही थी। इसी दौरान एक रांग साइड से आ रही कार ने टक्कर मार दी। हादसा इतना जोरदार था कि गाड़ी पलटी मारकर दूसरी तरफ गिर गई। दूसरी कार में एक व्यक्ति सवार था जो बच गया और वह मौका पाकर भाग गया। पुलिस ने दूसरी गाड़ी को अपने कब्जे में ले लिया है।

हादसे में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने लगभग एक घंटे मशक्कत करके शवों को गाड़ी से बाहर निकाला। इस दौरान राहगीरों ने बच्चों को अस्पताल में ले जाने के लिए दूसरी गाड़ियां रूकवाने की कोशिश की मगर किसी ने मदद नहीं की। इसके बाद थोड़ी देर में एंबुलेंस पहुंची और बच्चों को अस्पताल लेकर गई।

ब्राह्मण धर्मशाला में किया श्याम संध्या का आयोजन

- आ गया में दुनियादारी सारी छोड़ के लेने आ जा खाटू वाले रिंगस के मोड़ पे भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

बोगा राम कालोनी स्थित ब्राह्मण धर्मशाला में श्याम संध्या का अयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु श्याम बाबा के भजनों पर झूमते रहे। कीर्तन का आयोजन श्री श्याम मित्र मंडल हांसी की टीम द्वारा किया गया।

कीर्तन में बाबा की महिमा का गुणगान करते हुए श्री श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने खाटू वाले श्याम जी कमाल हो गया बंदा तेरा मालामाल हो गया भजन गाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया वहीं उन्होंने मेरी अंखियां करें इंतजार सांवरे पलकों का घर तैयार सांवरे,व मैंने मोहन को बुलाया है वो आता होगा भजन गाकर श्रद्धालुओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। भजन गायक सुनीता गोयल ने अपने भजन आ गया में दुनियादारी सारी छोड़ के...अब तो लेने आ जा बाबा खाटू वाले रिंगस के मोड़ पे गाकर सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया।

ये रहे मोजूद

इस अवसर पर श्री श्याम मित्र मंडल ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश मित्तल ने कहा कि श्याम बाबा खाटू धाम में विराजते है लेकिन हांसी खाटू श्याम मन्दिर को मिनी खाटू श्याम मन्दिर माना जाता है। और जो भी श्रद्धालु यहां सच्चे मन से बाबा के दरबार में अपनी अरदास व हाजिरी लगाता है प्रभू उनकी मनोकामना पूर्ण करते हैं। इस अवसर पर विधायक विनोद भ्याना, नगर परिषद के वाइस चेयरमैन अनिल बंसल, विनय जैन, गौरव जैन, पंकज भारद्वाज, अजय भारद्वाज, राजेश बंसल तथा विजय गोयल सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

पेटवाड़ गांव में बदमाशों ने एटीएम मशीन तोड़ी

कैश निकालने में नहीं हुए कामयाब तो की तोड़फोड़, दो कैमरों को भी तोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौंद

जिले के गांव पेटवाड़ में शनिवार की रात कुछ बदमाशों द्वारा पेटवाड़ गांव में लगे पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को तोड़कर केश निकालने का प्रयास किया गया। बदमाशों से पैसे नहीं निकले तो मशीन को तोड़कर फरार हो गए। वहीं एटीएम में लगे दो सीसीटीवी कैमरों को भी बदमाशों ने तोड़ दिया। सुबह ग्रामीणों ने देखा कि एटीएम मशीन के साथ छेड़छाड़ हुई है तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलने पर नारनौंद थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मामले की जांच के लिए एसएफएल टीम को भी बुलाया गया है। पेटवाड़ गांव में लगे इस एटीएम के आसपास कुछ दुकान ही हैं और गांव के बाहरी क्षेत्र में लगा हुआ है। वही बैंक के एटीएम पर कोई सिक्योरिटी गार्ड भी नहीं लगाया हुआ है। पुलिस आसपास के क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले में जुटी हुई है। गांव पेटवाड़ में करीब ढाई महीने पहले लगे पंजाब नेशनल बैंक के एटीएम को शनिवार की रात करीब 12:30 बजे उखाड़ने का असफल प्रयास किया गया है। बदमाशों द्वारा एटीएम में घसते ही एटीएम में लगे दोनों सीसीटीवी कैमरों को तोड़ दिया।

- घटना के समय एटीएम पर नहीं था सिक्योरिटी गार्ड

नारनौंद। घटना के बाद एटीएम की टूटी मशीन।

बदमाशों की तलाश जारी

नारनौंद थाना के सब इस्पेक्टर सतीश लाठर ने बताया कि घटना शनिवार की रात करीब 12:30 बजे की है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। एटीएम मशीन व वहां पर लगे दोनों सीसीटीवी कैमरे तोड़े गए है, लेकिन कैश सुरक्षित है। जल्द ही बदमाशों का पता लगा कर आगामी कार्रवाई की जाएगी। रविवार होने के चलते आज बैंक की छुट्टी है। कल बैंक खुलने पर पता लगाया जाएगा कि एटीएम में कितना कैश था।

महिला वकील से 1.42 लाख की धोखाधड़ी करने वाले को पकड़ा

हांसी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने वकील से कुंडली बनाने के नाम पर 142450 रुपए की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जयपुर की शास्त्री नगर कालोनी निवासी भवानी के रूप में हुई है। साइबर क्राइम थाना हांसी में तैनात जांच अधिकारी मुख्य सिपाही जगजीत ने बताया कि उत्तम नगर कालोनी निवासी महिला वकील ने साइबर क्राइम थाना में शिकायत देकर जन्मकुंडली व ग्रहदोष निवारण की पुजा करने के नाम पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा 142450 रुपए की ठगी किए जाने की शिकायत दी गई थी। उन्होंने बताया कि साईबर क्राइम थाना हांसी ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपी भवानी सिंह को जयपुर से गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय में पेश करके न्यायालय के आदेश अनुसार दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है रिमांड के दौरान आरोपी से गहनता से पूछताछ तथा महिला वकील के साथ धोखाधड़ी कर हड़पे गए रुपए बरामद करने तथा इसके द्वारा की गई धोखाधड़ी की अन्य वारदातों के बारे में पता लगाने का प्रयास किया जाएगा।

पुलिस ने सुलझाई ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी हत्यारोपी पत्नी सहित पांच गिरफ्तार

हिसार। सीआईए टीएम ने जिंदल कंपनी के कर्मचारी अनिल के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने हत्या के इस मामले में मृतक अनिल की पत्नी सरला बाई सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें टोहाना के कुलां निवासी ध्यानु, कौशल उर्फ वीशू, सोनू और गुल्लरवाला निवासी राजेन्द्र उर्फ जिन्द्र शामिल है। सीआईए प्रभारी निरीक्षक प्रशांत ने बताया कि एक मई को थाना सदर में जिंदल फैक्ट्री के कर्मचारी अनिल का शव हिसार कैंट के नजदीक पड़ी होने के बारे में सूचना मिली थी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटा मामले की जांच शुरू की। पुलिस जांच में सामने आया कि जिंदल कंपनी के कर्मचारी पटेल नगर निवासी अनिल की हत्या उसकी पत्नी सरला बाई ने अपने जीजा कुलां निवासी ध्यानु के साथ मिलकर थी। सरला बाई का विवाह अनिल के साथ लगभग चार साल पहले हुआ था। सरला बाई और इसके जीजा ध्यानू का प्रेम प्रसंग चल रहा था। जिससे अनिल को आपत्ति थी। सरला बाई और ध्यानु ने योजना अनुसार 30 अप्रैल की रात में कुलां निवासी कौशल उर्फ वीशू, सोनू और गुल्लरवाला फतेहाबाद निवासी राजेन्द्र उर्फ जिन्द्र के साथ मिलकर अनिल को अपनी गाडी में बैठा उसके गले में गमछा डाल उसकी हत्या की और डेड बॉडी को आर्मी कैंट के पास फेंक दिया। सीआईए प्रभारी ने बताया कि सदर थाना में मृतक अनिल के पिता पटेल नगर निवासी किशोरी लाल की शिकायत पर हत्या का अभियोग अंकित किया गया। इसमें कार्रवाई कर उक्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों से पूछताछ जारी है। आरोपी महिला सरला बाई को पेश अदालत कर एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। अन्य आरोपियों को कल पेश अदालत किया जाएगा।

बाबा के दरबार कोई कभी खाली नहीं जाता

- सत्संग में मन की पवित्रता जरूरी है। मन की पवित्रता के बिना सत्संग का कोई लाभ नही
- बाबा बालक नाथ मंदिर में जेठा रविवार पर सत्संग व भंडारा लगाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

तरसेम नगर स्थित मंदिर सिद्ध बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में जेठा रविवार पर सत्संग व भंडारा लगाया गया। सेवादारों द्वारा मंदिर को पूरी तरह से सजाया गया था। तरसेम भजन मंडली ने बाबा बालकनाथ के भजनों का गुणगान किया। श्रद्धालुओं को प्रवचन देते हुए मंदिर के मुख्य सेवक राम चरण गुप्ता ने कहा कि जो भी कोई सच्चे मन से बाबा के दरबार पर आता है, वह कभी खाली हाथ नहीं जाता।

हिसार। प्रवचन करते रामचरण गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

ब्राह्मण खाप समाज को नई दिशा देगी : रोशनलाल

- जिला ब्राह्मण खाप का गठन, कुलभूषण वरिष्ठ उपाध्यक्ष, पिंकी शर्मा को महिलाओं की बागडोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

जिला ब्राह्मण खाप के प्रधान एवं पूर्व सरपंच रोशनलाल शर्मा बास वाले ने कहा है कि हरियाणा सरीखे प्रदेश में खापों का खासा वर्चस्व है। अमूमन बड़े कार्यों और सामाजिक उत्थान में खापों के निर्णय सकारात्मक, सर्वमान्य एवं अहम साबित हुए है। इसी के मद्देनजर बीते महीनों करनाल में ब्राह्मण खाप की प्रदेश कार्यकारिणी के गठन के बाद अब जिला स्तर पर कार्यकारिणियों के गठन एवं विस्तार पर व्यापक कार्य हो रहा है। प्रदेश प्रधान अशोक शर्मा के निदेर्शानुसार एवं सचिव रामफल शर्मा पाबड़ा वाले के मार्गदर्शन में हिसार जिले की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया है। यहां के सेक्टर 27-28 में आयोजित समारोह में कुलभूषण शर्मा को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, संदीप शर्मा उपाध्यक्ष, सरपंच सुशील सचिव एवं विजेंद्र शर्मा को सहसचिव का दायित्व सौंपा गया है। पेटवाड़ से सत्यनारायण और जगमेंद्र पुट्टी को महामंत्री, सुनील दत्त शर्मा कोषाध्यक्ष, एडवोकेट मनोज कुश लीगल एडवाइजर, ललित शर्मा प्रचार प्रमुख, बलबीर शर्मा संरक्षक, प्रवीण भारद्वाज कनौह को मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी सौंपी गई हैं।

हिसार। सेक्टर 27-28 में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित ब्राह्मण खाप के नए नियुक्त जिला पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी। फोटो : हरिभूमि

ये रहे मौजूद

प्रधान रोशन ने कहा कि यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवताः अर्थात जहां नारी का सम्मान होता है, वहीं देवता भी वास करते हैं। ब्राह्मण समाज तो सदा ही नारी को प्राथमिकता देता आया है। इसी कड़ी में हिसार महिला प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी समाज की होनहार एवं कर्मठ निवर्तमान पार्षद पिंकी-नरेंद्र शर्मा को दी गई है। इस मौके पर पिंकी शर्मा ने कहा कि समाज ने उन्हें जो मान-सम्मान दिया है, वह सदैव उस पर बरकरार रहेगी तथा जिम्मेवारियों को बखूभी निभाएंगी। इस अवसर पर सूरजमल व्यापारी उगालन, राजेश भारद्वाज, सत्यवान शर्मा, चांदीराम सुलचानी, कृष्ण शर्मा बास, श्रीदत्त फौजी बडाला, पूर्व सरपंच राजपाल खरबला, मोहन शर्मा आदि मौजूद थे।

गुरु दक्ष गवर्नमेंट पॉलीटेक्निक के दस विधार्थियों का कैंपस प्लेसमेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु दक्ष राजकीय बहुतकनीकी संस्थान हिसार के मैकेनिकल और इलैक्ट्रिकल विभाग से 10 विद्यार्थियों का चयन सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसीजन फोरजिंग लिमिटिड, गुरूग्राम में हुआ है। टीपीओ डा. मुकेश बसंल ने बताया कि कंपनी द्वारा संस्थान के प्रागंण में पहले टैस्ट और उसके बाद साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार के दौरान कंपनी ने मैकेनिकल विभाग से नौ तथा इलैक्ट्रिकल विभाग से एक छात्र को चयनित किया। कंपनी की तरफ से आए हुए एचआर डिपार्टमेंट की टीम से प्रवीन यादव ने पहले लिखित व टेक्नीकल साक्षात्कार लिया जिसमें मैकेनिकल विभाग से अभिनीत कुमार, अभिषेक, पंकज पांडे, राहुल खुशवाहा, राजबीर, सचिन कुमार, सोनू कुमार, सुनील, सुजल बब्बर तथा इलैक्ट्रिकल विभाग से हर्ष कुमार का चयन किया। विभागाध्यक्ष संजय कुमार तथा संजीव कुमार ने बताया कि सभी चयनित छात्रों को जुलाई महीने के बाद नियुक्ति दी जाएगी। सभी चयनित छात्रों को 21676 रुपए मंथली का पैकेज मिलेगा। प्रधानाचार्य सुनील कुमार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को डिप्लोमा पूरा होने से पहले नौकरी मिलने पर बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रवक्ता सोनू सिंह कसवां, सचिन यादव, डॉ. घनश्याम माहिया, जगदीश चंद्र आदि स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

एक-दूसरे का व्यवसाय बढ़ाने में करें मदद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अखिल भारतीय सेवा संघ शाखा हिसार की मासिक बैठक रेड स्कवेयर मार्केट स्थित कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष सुमति मित्तल ने की तथा संचालन सचिव संजीव राजपाल ने किया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महासचिव विनोद धवन उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए विनोद धवन ने कहा कि संगठन के सभी सदस्य आपस में सहयोग व भाइचारे से रहे तथा सभी के अपने अपने व्यवसाय है तो एक-दूसरे के व्यवसाय को भी आगे बढाने में सहयोग करें।

हिसार। पदाधिकारियों को स्मृति चिन्ह प्रदान करते महासचिव विनोद धवन एवं अन्य।

ये रहे मौजूद

बैठक में प्रांतीय सचिव संदीप भाटिया, महिला अध्यक्ष सुरुचि असीजा, कोषाध्यक्ष सुनैना नागपाल, ललिता ढींगरा, सुनीता राणा, विनोद सोनी, रणबीर असीजा, विकास लाहोरिया, रंजीव राजपाल, नरेंद्र ढुल, दीपक गर्ग, राजेश बंसल आदि रहे।

प्रशासन व पुलिस जुटा तैयारियों में, चप्पे-चप्पे पर रहेगी नजर

गृह मंत्री शाह आज हिसार में, चुनाव अभियान को देंगे गति

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह सोमवार को हिसार में बड़ी रैली करेंगे। यहां से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर प्रदेश के बिजली मंत्री रणजीत सिंह चुनाव लड़ रहे हैं। रणजीत सिंह के समर्थन में केन्द्र के किसी नेता की यह पहली बड़ी रैली होगी। रैली की तैयारियों के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन व सुरक्षा एजेंसियां लगी हुई है। पुराना राजकीय कॉलेज मैदान में होने वाली इस रैली के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। रैली स्थल के आसपास सुरक्षा एजेंसियों के अलावा तीसरी आंख की भी नजर रहेगी। भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी भी रैली की तैयारियों में सांगठनिक स्तर पर लगे हुए हैं। पार्टी का मानना है कि रैली के बाद रणजीत सिंह के चुनाव अभियान को और गति मिलेगी।

हिसार। गृह मंत्री अमित शाह की रैली की तैयारियों का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

ट्रैफिक एडवाइजरी जारी

पुराना गवर्मेंट कॉलेज ग्राउंड में होने वाली गृह मंत्री अमित शाह की रैली के लिए पुलिस ने ट्रेफिक एडवाइजरी जारी की है। इसके साथ ही वाहनों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। उप पुलिस अधीक्षक सत्यपाल यादव ने बताया कि रैली के चलते सोमवार दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक सिरसा चुंगी, सिविल अस्पताल मोड़ से होते हुए लक्ष्मीबाई चौक तक सड़क पर आशिंक रूप से यातायात बाधित रह सकता है। उन्होंने आमजन से अपील की कि असुविधा से बचने के लिए इस रूट का प्रयोग करने से बचें।

इन रास्तों का करे प्रयोग

डीएसपी बताया कि रैली स्थल पर सिरसा चुंगी और हिसार बायपास होते हुए दिल्ली की तरफ से आने वाले नागरिक सिविल अस्पताल मोड़, तलाकी गेट, नागोरी गेट, पारिजात चौक के पास तिब्बती मार्केट पार्किंग और बालशमंद रोड पर सुशीला भवन के साइड में बनाई गई पार्किंग का प्रयोग करे। बालशमंद रोड की तरफ से रैली स्थल पर आने वाले नागरिक सुशीला भवन के साइड वाली पार्किंग का प्रयोग करे। राजगढ़ रोड और दिल्ली रोड की तरफ से जिंदल चोक से होते हुए आने वाले नागरिक लक्ष्मी बाई चोक से मलिक चोक होते हुए सुशीला भवन की पार्किंग और लक्ष्मीबाई चौक से फोर व्हीलर चोक से होते हुए रेड स्क्वायर मार्केट में बनी पार्किंग का प्रयोग करे।

घर से मतदान अभियान हुआ शुरू

दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने उत्साह पूर्वक किया मतदान

- आज व कल भी जारी रहेगी घर से मतदान की प्रक्रिया
- हांसी विधानसभा क्षेत्र की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की कमीशनिंग का कार्य पूर्ण एआरओ

हांसी। लोकसभा चुनाव में फॉर्म 12-डी भरकर घर से मतदान का विकल्प चुनने वाले 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को घर-घर जाकर मतदान कराने की प्रक्रिया रविवार को शुरू हो गई। इस दौरान हांसी विधानसभा क्षेत्र में 2 पोलिंग पार्टियों द्वारा मतदान करवाया जा रहा है।

सहायक रिटर्निंग अधिकारी मोहित महराणा ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त के मार्गदर्शन में अभियान के पहले दिन हांसी विधानसभा क्षेत्र में निष्पक्ष पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से मतदान प्रक्रिया संपन्न हुई और इस दौरान मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लेते हुए मतदान किया। हांसी विधानसभा क्षेत्र में कुल 105 वोटरों ने बीएलओ के जरिये आवेदन करते हुए घर से मतदान का विकल्प चुना है, जिनमें से रविवार को अभियान के पहले दिन 60 प्रतिशत मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट पेपर के जरिये अपना मतदान किया। मतदान प्रक्रिया रविवार सुबह 7 बजे शुरू हुई और सायं 6 बजे तक जारी रही। इस दौरान प्रशासन द्वारा निष्पक्ष एवं पारदर्शी मतदान के लिए पूरी प्रक्रिया को वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी भी करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि चुनाव आयोग के नियमानुसार जिले में सोमवार व मंगलवार को भी मतदान की प्रक्रिया जारी रहेगी। पोलिंग पार्टियों में पीठासीन अधिकारी प्रथम, द्वितीय तथा एक माइक्रो ऑब्जर्वर को शामिल किया गया है।

मात्रश्याम में चाकुओं से गोदकर पत्नी की हत्या

हिसार। सदर क्षेत्र के गांव मात्रश्याम में चाकुओं से गोदकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि मृतका लगभग छह माह से अपने पहले पति से दूर गांव के एक अन्य पुरुष के साथ रह रही थी। सूचना के बाद सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। पुलिस ने मृतका सरिता के शव को पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया। हत्यारोपी की गिरफ्तारी कि लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस को शक है कि दूसरे पति के साथ संबंध के चलते ही पहले पति धर्मबीर उर्फ गोलू ने अपनी 22 वर्षीय पत्नी सरिता की हत्या की है।

सूचना

मैं, रोशन लाल पुत्र श्री मुन्शी राम निवासी खटीक मौहल्ला, नीम वाली गली, वार्ड नं. 15, मण्डी डबवाली, तह. डबवाली, जिला सिरसा बयान करता हूं कि मेरी पुत्री भावना मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

खबर संक्षेप

जिले से युवक सहित पांच लोग लापता

फतेहाबाद। जिले में अलग-अलग स्थानों से एक युवक सहित पांच लोगों के लापता होने का समाचार है। सभी मामलों में परिजनों द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई है। पुलिस को दी शिकायत में स्वामी नगर फतेहाबाद निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी लड़की बिना बताए घर से चली गई है और वापस नहीं लौटी है। इस पर उन्होंने उसकी काफी जगह तलाश की लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। अन्य लोग भी लापता हो गए। पुलिस ने मामलों की जांच शुरू कर दी है।

लाठी डंडों से पीटकर किया घायल, केस

हांसी। स्कूटी पर सवार होकर अपनी दुकान पर जा रहे तीन युवकों को एक कार चालक ने पीछे से टक्कर मार दी। उसके बाद कार सवार युवकों ने स्कूटी सवार युवक के साथ मारपीट कर उसको जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शहर थाना पुलिस ने स्कूटी सवार नयू सुभाष नगर कालोनी निवासी उमेश की शिकायत के आधार पर मनोज जाट सहित तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घायल हुए युवक का हिसार के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस को दिए बयान में न्यू सुभाष नगर निवासी उमेश ने बताया कि वह मोबाइल शॉप पर नौकरी करता है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भारत निर्वाचन आयोग के एनवीएसपी पर उपलब्ध हैं कई ऑनलाइन सेवाएं

मतदाता ऑनलाइन और ऑफलाइन सर्च कर सकते हैं अपना नाम : उपायुक्त

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रशासन ने कसी कमर। युवाओं के साथ साथ वरिष्ठ नागरिकों को कर रहे प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि जिला में 25 मई को लोकसभा चुनाव सुबह 7 बजे से सायं 6 बजे तक करवाया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदाता केवल तभी वोट डाल सकते हैं जब उनका नाम मतदाता सूची में प्रदर्शित हो। इसके लिए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए मतदाता सूची में अपने नाम की जांच अवश्य कर लें। यह कार्य ऑनलाइन व ऑफलाइन दोनों माध्यमों से किया जा सकता है। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रदान किए गए राष्ट्रीय मतदाता सेवा पोर्टल कई ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करता है। इनमें मतदाता सूची खोजना, ई-ईपीआईसी डाउनलोड करना, मतदान केंद्रों और अधिकारियों का पता लगाना, मतदाता सूची में एनआरआई के नाम शामिल करना, सुधार के लिए आवेदन करना और मतदाता सूची में प्रविष्टियों को स्थानांतरित करना आदि शामिल हैं। पंजीकृत उपयोगकर्ता इसमें लॉग इन कर सकते हैं, शिकायतें दर्ज करें, जबकि नए उपयोगकर्ता अपना मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी दर्ज करके पंजीकरण कर सकते हैं। इस प्रकार मतदाता पहुंच और जुड़ाव को सुव्यवस्थित किया जा सकता है। उपयोगकर्ता अपने राज्य का नाम चुनकर अपना नाम मतदाता सूची में खोज सकते हैं। खोज करने के लिए पहला नाम, अंतिम नाम, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र का नाम, लिंग आदि जैसे विवरण भी आवश्यक हैं। जिलेवार खोज विकल्प भी उपलब्ध है।

मतदाता ये डॉक्यूमेंट दिखाकर भी कर सकते हैं मताधिकार का प्रयोग

भारत निर्वाचन आयोग के मुताबिक, वोटर आईडी के अलावा और भी कई ऐसे डॉक्यूमेंट हैं जिन्हें दिखाकर मतदाता को वोट डालने की अनुमति मिल जाती है। इसके लिए भारत निर्वाचन आयोग ने लगभग एक दर्जन डॉक्यूमेंट निर्धारित किए हुए है। आपमें से कई लोग ऐसे होंगे, जिनका नाम तो वोटर लिस्ट में है, लेकिन उनके पास वोटर आईडी कार्ड नहीं है। भारत निर्वाचन आयोग ने बगैर वोटर आईडी कार्ड के भी मतदाताओं को वोट डालने का विकल्प दिया हुआ है, जिनका प्रयोग कर वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं। पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस, अगर आप सेंट्रल और स्टेट गवर्नमेंट के कर्मचारी हैं या फिर, पीएसयू और पब्लिक लिमिटेड कंपनी में काम कर रहे हैं तो कंपनी की फोटो युक्त आईडी के आधार पर भी मतदान किया जा सकता है। पैन कार्ड, आधार कार्ड, पोस्ट ऑफिस और बैंक द्वारा जारी किया गया पासबुक, मनरेगा जॉब कार्ड, लेबर मिनिस्ट्री द्वारा जारी किया गया हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड, पेंशन कार्ड जिस पर आपकी फोटो लगी हो और अटेस्टेड हो, नेशनल पॉपुलेशन रजिस्टर द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, एमपी-एमएलए-एमएलसी की तरफ से जारी आधिकारिक पहचान पत्र दिखाकर भी मतदाता अपने वोट का भुगतान कर सकते हैं।



अब तक 972 दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक

सिरसा। जिला निर्वाचन अधिकारी आर के सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार प्रशासन की ओर से दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के लिए घर से ही मतदान करने की व्यवस्था की गई है। अबतक 972 दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता अपने घर से मतदान कर चुके हैं। इसी कड़ी में शनिवार 18 मई को ऐसे 54 मतदाताओं ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया। यह मतदान प्रक्रिया 20 मई तक चलेगी। उन्होंने बताया कि इन मतदाताओं के मतदान प्रक्त्रिया के लिए 26 पोलिंग पार्टियां नियुक्त की गई हैं, जोकि घर जाकर ऐसे मतदाताओं का मतदान करवाएंगी।

मतदान से 48 घंटे पहले से बल्क एसएमएस पर रहेगा प्रतिबंध

फतेहाबाद। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी द्वारा प्रचार हेतु भेजे जाने वाले एसएमएस का खर्च भी संबंधित प्रत्याशी के खाते में जोड़ा जाएगा। मतदान से 48 घंटे पहले तक की अवधि में राजनीतिक प्रकृति के बल्क एसएमएस भेजने पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल नरवाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के अनुसार उम्मीदवार की प्रचार अवधि के दौरान प्रचार के लिए बल्क (थोक) में भेजे गए एसएमएस को मिलने पर सेवा प्रदाता से इस पर हुए व्यय का अनुमान लगाकर उसके खाते में जोड़ दिया जाएगा।

निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने के लिए मतदान होने के लिए निश्चित किए गए समय की समाप्ति से 48 घंटे पहले तक की अवधि के दौरान चुनाव प्रचार से संबंधित बल्क में एसएमएस भेजने पर प्रतिबंध होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल नरवाल ने कहा कि मीडिया माध्यमों का चुनाव प्रचार के लिए काफी उपयोग किया जा रहा है।

फतेहाबाद पुलिस ने चलाया 'ऑपरेशन आक्रमण'

- 17 आरोपियों को काबू कर उनके कब्जा से लाखो रुपये पोस्त, गांजा व सट्टा राशि की बरामद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा-निर्देशानुसार रविवार को फतेहाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों की धरपकड़ को लेकर 'ऑपरेशन आक्रमण' अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अपराधियों पर अंकुश लगाते हुए फतेहाबाद पुलिस ने एक ही दिन में विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त रहे 17 आरोपियों को धर दबोचा। अभियान मेसभी अपराध जांच शाखा एवं थाना व चौकी स्तर पर कुल 23 टीमों का गठन किया गया जिसमें 124 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने अपराधियों पर एक साथ कड़ा प्रहार किया। ऑपरेशन आक्रमण अभियान के तहत आबकारी अधिनियम के तहत 5 मामले दर्ज करते हुए उनमें 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके 58 बोतल ठेका देशी, 24 बोतल हथकड नाजायज शराब बरामद करने में सफलता हासिल की है। ऑपरेशन आक्रमण अभियान के तहत जिला फतेहाबाद पुलिस ने जुआ अधिनियम के तहत दर्ज 2 मामलों में 2 आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनसे सट्टा में लगाई गई 12550 की राशि को बरामद किया। इसके अलावा पुलिस ने 5 आरोपियों को काबू कर उनके कब्जा से भारी मात्रा में गांजा व चूरा पोस्त बरामद किया। सीआईए फतेहाबाद ने गांव खारा खेड़ी से आरोपी सुलतान निवासी खारा खेड़ी को 3 किलो 400 ग्राम चूरा पोस्त व आरोपी रामेश्वर निवासी खारा खेडी को काबू कर उसके कब्जा से 4 किलोग्राम चूरा पोस्त बरामद किया।

दूसरी तरफ थाना भट्टूकलां पुलिस ने कुलदीप सिंह निवासी भट्टूकलां को काबू कर उसके कब्जा से 300 ग्राम गांजा बरामद किया है। थाना जाखल पुलिस ने सतपाल उर्फ पाला निवासी पिलछिंया को काबू कर उसके कब्जा से 800 ग्राम चूरा पोस्त व थाना शहर रतिया पुलिस ने राजकुमार उर्फ राजू निवासी ढाणी शेरगढ को 1 किलो 500 ग्राम डोडा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। अभियान के दौरान जिला फतेहाबाद पुलिस ने अदालत से घोषित 1 बैल जम्पर और 1 पीओ को भी काबू किया वहींअदालत से गैर हाजिर हुए 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया। वाहन चोरी के आरोप में पुलिस ने एक चोर को चोरी शुदा मोटरसाइकिल सहित काबू करने सफलता हासिल की है। पकडे गये चोर के खिलाफ थाना सदर टोहाना में मोटरसाइकिल चोरी का मामला दर्ज है।

अपराधी या तो अपराध छोड़ें या जिला : एसपी

जिला फतेहाबाद पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई पर पुलिस कप्तान आस्था मोदी ने अपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जिला फतेहाबाद में अपराधियों के लिए कोई स्थान नहीं है अपराधी या तो जिला छोड़ें या अपराध, अपराधियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। जिला पुलिस फतेहाबाद की आमजन से अपील है कि किसी भी तरह के अवैध कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के संबंध में सूचना नजदीकी पुलिस थाना, चौकी, विशेष यूनिट, पुलिस कंट्रोल रूम या डायल 112 नम्बर पर दे सकते हैं। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जाएगी।

अकाल अकादमी की 4 छात्राओं का परीक्षा में शानदार प्रदर्शन

- दसवीं कक्षा की अकाल अकैडमी सालम खेड़ा की गुरलीन कौर रंधावा और अकाल अकैडमी दशमेश नगर की आयुषी ने 98 फीसदी अंकों के साथ जिले में तीसरा स्थान प्राप्त किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रतिया

सीबीएसई द्वारा घोषित दसवीं और बारहवीं के परिणामों में अकाल अकैडमियों का परिणाम सौ फीसदी रहा। अकाल अकैडमी की इंचार्ज ने कहा कि विद्यार्थियों ने फतेहाबाद जिले में 4 पॉजीशन हासिल की और ये सभी लड़कियां हैं इसलिये यदि यह कहा जाए कि नारी सशक्तिकरण अकाल अकैडमियों में शुरू होता है, तो यह सौ फीसदी सच है।

इन पोजीशनों को बच्चों ने ग्रामीण इलाकों में बड़ साहिब द्वारा संचालित अकैडमियों में पढ़ कर हासिल किया है, जो शहर के बच्चों से कम नहीं हैं।

इन परिणामों में दसवीं कक्षा की अकाल अकैडमी सालम खेड़ा की गुरलीन कौर रंधावा और अकाल अकैडमी दशमेश नगर की आयुषी ने 98 फीसदी अंकों के साथ जिला फतेहाबाद में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसी तरह बारहवीं के परिणामों में अकाल अकैडमी अजीतसर रतिया की अमनप्रीत कौर ने 97 फीसदी अंकों के साथ विज्ञान में जिला फतेहाबाद में पहला स्थान और इसी अकैडमी की मनप्रीत कौर ने 97.4 अंकों के साथ ह्यूमैनिटीज में जिला फतेहाबाद में दूसरा स्थान हासिल किया। प्रबंधकों ने छात्राओं को बधाई दी।

किसानों ने जाखल पुलिस थाने के बाहर दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

बीते शुक्रवार को जाखल में लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी अशोक तंवर के कार्यक्रम में हुए विरोध का मामला अब और तूल पकड़ता दिखाई दे रहा है। इस मामले में यहां जाखल निवासी भाजपा नेता द्वारा किसानों के खिलाफ शिकायत दी गई है, वहीं किसानों द्वारा भी भाजपा नेता द्वारा उन जानबूझकर गाड़ी चढ़ाने के प्रयास को लेकर शिकायत दी गई है। भाजपा नेता की शिकायत पर जाखल पुलिस ने हालांकि 19 किसानों को नामजद कर करीब 90 किसानों पर मामला दर्ज किया गया है, जबकि किसानों की शिकायत पर कोई अमल नहीं किया गया है। इससे रविवार को किसानों का गुस्सा फूट पड़ा। इससे आक्रोशित किसानों ने पगड़ी संभाल जट्टा किसान संघर्ष समिति के नेतृत्व में सुबह 10 बजे ही जाखल पुलिस थाना के बाहर धरना लगाकर प्रदर्शन करना शुरू कर दिया। इसके बाद दोपहर 2 बजे हालांकि किसानों ने धरना समाप्त कर दिया, लेकिन इसके साथ ही किसानों द्वारा प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि जब तक उन पर दर्ज मुकदमे दर्ज नहीं होते और भाजपा नेता पर कार्यवाही नहीं होती तब तक प्रति दिन यह धरना जाखल पुलिस थाना के बाहर चलता रहेगा। इस धरना प्रदर्शन किसान लाभ सिंह, जगसीर सिंह, जस्सा सिंह, हरविंदर सिंह, बलकार सिंह व अन्य मौजूद रहे।

जाखल। थाने के बाहर धरना देते किसान।

ये बोले किसान नेता मनदीप नथवान

धरने में पहुंचे किसान संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि जब किसी एसएचओ या डीएसपी को नशा बेचने की सूचना दें कि वहां पर सरेआम नशा बिक रहा है, लेकिन उसके बावजूद पुलिस मामला दर्ज नहीं करती है। इसके विपरीत पुलिस बीजेपी के इशारों पर किसानों पर रातों-रात मुकदमे दर्ज कर देती है। उन्होंने कहा कि बीते दिन एक भाजपा नेता द्वारा किसानों पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया, लेकिन उस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई, जबकि इसके उल्टा उस भाजपा नेता की शिकायत पर ही 100 के करीब किसानों पर मामला दर्ज कर दिया गया है, जो सरासर गलत और सरेआम धक्का है। उन्होंने कहा कि भाजपा सत्ता के अहंकार से किसानों से 'यादती कर रहे हैं, लेकिन वह किसानों का मुकाबला नहीं कर सकता। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जाने वाली है। हर दिन गांवों में भाजपा का विरोध हो रहा है। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा पूरी तरह से हार रही है। 4 जून के बाद हरियाणा के भी समीकरण बदलेंगे। देश से तानाशाह खत्म होगा।

क्या कहते है जाखल थाना प्रभारी

जब इस बारे में जाखल थाना प्रभारी कुलदीप सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि धरने को लेकर उच्च अधिकारियों को सूचना दे दी गई है, किसानों की मांग है कि दर्ज किए गए मुकदमो की जांच की जाए। पुलिस इस मामले में कार्यवाही कर रही है। इस मामले में किसानों की तरफ से भी शिकायत आई है उसकी भी जांच की जा रही है।

ईवीएम के कमिशिनंग का कार्य 20 तक पूरा करने के दिए निर्देश

हिसार। सामान्य चुनाव पर्यवेक्षक गोपाल चंद ने महावीर स्टेडियम तथा पंचायत घर का दौरा कर चुनाव निष्पक्ष व पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाने के लिए किए गए प्रबंधों का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्ट्रांग रूम, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की स्थिति का अवलोकन करते हुए ईवीएम कमिशिनंग का कार्य 20 मई तक पूरा करने के निर्देश दिए। गोपाल चंद ने तमाम व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के बाद कहा कि जिला प्रशासन द्वारा चुनाव को लेकर शानदार प्रबंध किए हैं, इसके लिए उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों की कार्य प्रणाली की सराहना भी की। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर हिसार जिला में जितने माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं उन सभी को अविलंब चुनावी ड्यूटी का मानदेय उपलब्ध करवाया जाएगा। उन्होंने सभी माइक्रो ऑब्जर्वरों से कहा है कि वह अपने अपने बैंक खाता नंबर आईएफएससी कोड नंबर इत्यादि आवश्यक जानकारी लीड बैंक मैनेजर को उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो माइक्रो आब्जर्वर केंद्र सरकार के कर्मचारी नहीं है वह यह जानकारी अपने-अपने विभाग अध्यक्षों को उपलब्ध करवाए ताकि काम सही हो सके।

97 प्रतिशत अंक लेने वाली दीपिका सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सिरसा

जिला के गांव साहुवाला द्वितीय के राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में खंड शिक्षा अधिकारी रामचंद्र गोदारा ने स्कूल की होनहार छात्रा दीपिका को समानित किया। बता दें कि दीपिका ने 12वीं कक्षा में 97 प्रतिशत अंक लेकर चोपटा खंड पर प्रथम स्थान हासिल किया है।

सम्मान समारोह में मुख्यातिथि ने 10वीं व 12वीं कक्षा में मैरिट पाने वाले सभी बच्चों को सम्मानित किया। इस दौरान स्कूल के 10वीं व 12वीं कक्षा में मैरिट पाने वाले विद्यार्थियों के साथ गांव में एक सम्मान रैली भी निकाली गई। यह रैली पूरे गांव का भ्रमण करने के बाद स्कूल में पहंचकर समाप्त हुई। गांव साहुवाला द्वितीय के सरकारी विद्यालय में कक्षा 10वीं के कुल 59 छात्र परीक्षा में बैठे थे, जिनमें 35 ने मैरिट व 59 बच्चों ने प्रथम श्रेणी में कक्षा उत्तीर्ण की। वहीं 12वीं कक्षा में 50 विद्यार्थियों में से 26 ने मैरिट व 50 ने प्रथम श्रेणी में पासआउट किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में चोपटा ब्लॉक में 12वीं कक्षा की छात्रा दीपिका 500 में से 485 (97 प्रतिशत) अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल करने पर विशेष तौर पर सम्मानित किया गया।

सिरसा। गांव साहुवाला में 10वीं, 12वीं में अव्वल रहे विद्यार्थियों के साथ सम्मान रैली निकालते हुए।

पुलिस ने वांछित आरोपी को रोहतक से दबोचा

सिरसा। जिला की स्पेशल स्टाफ सिरसा पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में करीब 3 साल से फरार चल रहे वांछित आरोपी को रोहतक क्षेत्र से काबू किया है। स्पेशल स्टाफ सिरसा के प्रभारी संदीप कुमार ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी सतीश नाथ पुत्र टहल नाथ निवासी बप्पां को महत्वपूर्ण सुराग के आधार पर काबू किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में लखविंद्र सिंह पुत्र सतनाम सिंह निवासी बप्पां की शिकायत पर बडागुढ़ा थाना में विभिन्न आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। उन्होंने बताया कि आरोपी सतीश लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था और पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि पकड़ा गया आरोपी हरियाणा के अलावा राजस्थान तथा उत्तर प्रदेश के कई क्षेत्रों में गिरफ्तारी से पूर्व पुलिस से बचने के लिए छिपता रहा।

हादसे में बाइक सवार की मौत, पत्नी घायल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ फतेहाबाद

भट्टू के गांव पीलीमंदौरी के पास एक सड़क हादसा हो गया। सिरसा जिले से गांव खाबड़ा कलां में झाड़ा लगवाने आ रहे दम्पति के मोटरसाइकिल को एक अन्य मोटरसाइकिल ने जोरदार टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाईक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया वहीं बाईक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा जिले के गांव कुताबढ़ निवासी मुन्नी देवी ने कहा है कि वह अपने पति विजय पासवान के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने गांव से फतेहाबाद के गांव खाबड़ा कलां में झाड़ा लगवाने के लिए आ रही थी। सुबह करीब 8 बजे वह गांव पीलीमंदौरी के बस अड्डे के पास पहुंचे तो भट्टूकलां की तरफ से आ रहे एक मोटरसाइकिल का चालक ने अपने मोटरसाइकिल को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और उनके मोटरसाइकिल में सीधी टक्कर दे मारी। इस हादसे में वे दोनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। कच्ची जगह गिरने के कारण उसे कम चोटें आई जबकि उसके पति के शरीर पर काफी चोटें आई।

25 महिलाओं को सिलाई मशीन की वितरित

सिरसा। लायंस क्लब सिरसा अमर के संस्थापक रमेश साहुवाला ने कहा कि शिक्षित एवं खुशहाल बेटी हमारे देश व समाज का भविष्य होती हैं। जिस समाज में बेटियों का सम्मान नहीं होता वह समाज तरक्की नहीं कर सकता।

वे रविवार को शहर के विभिन्न पांच सेंटरों पर प्रशिक्षणार्थी महिलाओं को 25 सिलाई मशीनें वितरित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति में प्राचीन काल से ही कन्या पूजन की प्रथा प्रचलित है तथा कन्या को देवी का स्वरूप माना गया है। उन्होंने कहा कि बेटियों को उनके माता पिता द्वारा बेटों के समान समझना चाहिए। उन्हें सभी कार्य क्षेत्रों में समान अवसर प्रदान करना चाहिए ताकि उनका समाज में मान व सम्मान हो, जिससे उनका जीवन स्तर ऊंचा हो सके। इस अवसर पर उन्होने बताया कि ये सिलाई मशीनें बैंगलोर से विनोद कुमार अग्रवाल ने अपनी स्व. पत्नी रेखा अग्रवाल की याद में क्लब के माध्यम से वितरित की गई। इस अवसर पर नीशु सोनी, रजनी सोनी, दीपा रानी, सोनम, रचना सैनी, क्लब के प्रधान मोहित मेहता, सचिव रिखिल नागपाल, कोषाध्यक्ष अमर साहुवाला, ललिता, डिंपल, शीतल, ऊषा, मंजू, चांदनी, रजनी, सोनम रानी, सुनीता सोनी आदि अनेक महिलाएं मौजूद थी।

करंडी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परिणाम सराहनीय

परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸ जाखल

करंडी गांव के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। मेरिट प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों का अनोखे ढंग से सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में विद्यालय प्राचार्य कृष्ण चंद और स्टाफ के साथ ग्राम पंचायत करंडी, ग्राम पंचायत रुपावाली और ग्राम पंचायत रत्ताथेह ने मिलकर मेधावी छात्रों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में गांव करंडी सहित रुपावाली व रत्ताथेह गांव में सम्मान रैली निकाली गई, जिसमें ट्रैक्टर को श्रृंगार कर मेधावी विद्यार्थियों को भ्रमण कराया गया। गांवों के ग्रामीणों ने भी बच्चों की सफलता पर उन्हें शुभकामनाएं देने के साथ स्वागत भी किया गया। रैली की अगुवाई करते हुए सरकारी स्कूल के विद्यार्थियों ने घर-घर तक शिक्षा की अलख जगाने का संदेश पहुंचाया। इस रैली को विद्यालय प्रधानाचार्य कृष्ण चंद ने रवाना किया और समस्त स्टाफ सदस्यों ने विद्यार्थियों के साथ कदमताल करते हुए ग्रामवासियों को शिक्षा के बारे में जागरूक किया। प्राचार्य कृष्ण चंद ने बताया कि इस बार उनके विद्यालय के दसवीं कक्षा कुल के 58 और बाहरवी कक्षा के 42 बच्चों ने परीक्षा दी थी, जिसमें सभी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। खास बात ये है दोनों कक्षाओं के 9-9 बच्चों ने मैरिट हासिल की है, जिसमें रूपावाली के छात्र बिट्टू पुत्र बीरा राम ने दसवीं कक्षा में 500 में से 473 अंक और 12वीं कक्षा में गांव रूपावाली की ही छात्रा अंजू रानी पुत्री सुरेश कुमार ने 500 में से 459 अंक प्राप्त कर टॉप किया है। उन्होंने बताया कि बोर्ड कक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में रैली निकाली गई हैं, ताकि ग्रामीणों को आभास हो सके कि सरकारी स्कूल भी अब किसी मायने में कम नहीं हैं। गांव करंडी के सरपंच प्रतिनिधि जगसीर सिंह ने बताया कि इस बार उनके गांव के सरकारी स्कूल के दसवीं व 12वीं कक्षा में बच्चों ने स्कूल टॉप किया है, जो गर्व का विषय है। इसके लिए पूरा स्कूल स्टाफ बधाई का पात्र है। उन्होंने ग्रामीणों से आह्वान किया कि गांव वासी अपने बच्चों का नामांकन सरकारी स्कूलों में कराएं, अब सरकारी स्कूलों में बेहतरीन माहौल और अच्छी शिक्षा दी जा रही है। इस अवसर पर गांव करंडी के सरपंच प्रतिनिधि जगसीर सिंह, रुपावाली गांव के सरपंच प्रतिनिधि जीवन सिंह और रता थेह गांव से सरपंच कुलदीप सिंह विशेष तौर पर उपस्थित रहे। इसके अलावा विद्यालय स्टाफ में अध्यापिका लखविंदर कौर, सुमन रानी, सुमित्रा एबीआरसी व अन्य मौजूद रहे।

जाखल। करंडी गांव के सरकारी स्कूल में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य व ग्रामीण।